# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## प्रधानमंत्री ने मुंबई की नयी मेट्रो लाइन पर यात्रा की

### छात्रों, लाडकी योजना लाभार्थियों से की बातचीत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे खंड का उद्‌घाटन किया और सांताक्रूज स्टेशन तक यात्रा की, जिस दौरान उन्होंने छात्रों, महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिन योजना' की लाभार्थियों और भूमिगत मार्ग के निर्माण में शामिल श्रमिकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किये गए 'मेट्रोकनेक्ट3 ऐप' को लॉन्च किया तथा भूमिगत मेट्रो यात्रा की शानदार तस्वीरों वाली एक कॉफी टेबल बुक को भी जारी किया। उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी थे।

## 'झूठे वादे से सावधान रहें'

मोदी ने कांग्रेस पर किसान विरोधी होने और झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि तेलंगाना में लोग अभी भी ऋण माफी का इंतजार कर रहे हैं। कर्नाटक में (मौजूदा) कांग्रेस सरकार ने (पूर्ववर्ती) भाजपा शासन द्वारा शुरू की गई सिंचाई योजनाओं को बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में देश को आर्थिक प्रगति की ओर ले जाने की क्षमता है। महाराष्ट्र सरकार किसानों को केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के अलावा वित्तीय सहायता के रूप में दोहरा लाभ दे रही है। मोदी ने कांग्रेस पर परियोजनाओं की गति धीमी कर देने का आरोप लगाते हुए लोगों से अपील की कि किसी के बहकावे में न आएं। पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के रूप में करीब 20,000 करोड़ रुपये 9.5 करोड़ किसानों के खातों में अंतरित किए जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से यहां के किसानों को दोहरा फायदा पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारी सरकार का हर निर्णय, हर नीति विकसित भारत को समर्पित है।

## 'अगर हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे'

# कांग्रेस को अर्बन नक्सल का गिरोह चला रहा : मोदी

**प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में कृषि, पशुपालन क्षेत्र की 23 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की**

- ठाणे में रिंग मेट्रो समेत 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी





अमित बृज / धीरज सिंह । ठाणे/मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम और ठाणे में रैली को संबोधित किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है। वह देश विरोधियों के साथ खड़ी है।

### वाशिम जिले में विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत

मोदी ने वाशिम जिले में 23 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस को लगता है कि अगर सब एक हो गए, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा नाकाम हो जाएगा! उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस गरीब को गरीब बनाकर रखना चाहती है। कमजोर और गरीब भारत, कांग्रेस को और उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है। इसलिए, आप सभी को कांग्रेस से बहुत सावधान रहना है। वाशिम के बाद प्रधानमंत्री ने ठाणे की रैली में भी कांग्रेस पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उनके सहयोगियों का एक ही मिशन है-बांटो और सत्ता में रहो। वह जानती है उसका वोट बैंक एक रहेगा। हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे, जश्न मनाएंगे। कांग्रेस को अर्बन नक्सल गैंग चला रहे हैं। वे देश विरोधियों के साथ खड़े हैं। इसलिए, यह समय एक होने का है।

## पीएम ने मुंबई मेट्रो लाइन तीन का उद्घाटन किया



प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिम के बाद ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना और एलिवेटेड ईस्टर्न फ्रीवे एक्सटेंशन सहित 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने ठाणे में एक कार्यक्रम के दौरान नवी मुंबई एयरपोर्ट इन्फ्लुएंस नोटिफाइड एरिया (नैना) परियोजना की भी आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन तीन के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्‌घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 14,120 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ठाणे नगर निगम भवन की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर मोदी ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती महा विकास आघाडी सरकार द्वारा लगाई गई अड़चनों के कारण मुंबई मेट्रो परियोजना की लागत 14,000 करोड़ रुपये बढ़ गई।

## 'युवाओं को नशे की लत में धकेलना चाहती है कांग्रेस'

मोदी ने वाशिम में कहा, हाल में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए गए। कांग्रेस के एक नेता पर इसका सरगना होने का संदेह है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल कर उस पैसे से चुनाव लड़ना और जीतना चाहती है। दरअसल, दिल्ली में दो अक्तूबर को मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की गई थी। बाजार में इसकी कीमत करीब 5600 करोड़ रुपये है। इसका मुख्य आरोपी तुषार गोयल 2022 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई प्रकोष्ठ का प्रमुख रह चुका है।

## राहुल गांधी का चुनावी ऐलान

# राहुल गांधी ने आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का किया वादा

- छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का किया अनावरण



राजा आदाते । कोल्हापुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि लोगों को डराने और देश में संविधान को नष्ट करने के बाद शिवाजी महाराज के सामने झुकने का कोई फायदा नहीं है। वे कोल्हापुर में शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करने पहुंचे थे। राहुल ने कहा- नीयत दिख जाती है। उसे छिपा नहीं सकते। उन्होंने मूर्ति बनाई, जो कुछ दिन बाद टूट गई। उनकी नीयत गलत थी। शिवाजी महाराज की मूर्ति ने मैसेज दिया कि आप मूर्ति बनाओगे तो शिवाजी विचारधारा की रक्षा भी करनी पड़ेगी। इसके बाद वे संविधान सम्मेलन में शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि आरक्षण से 50% की सीमा को हटाने के लिए कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक कानून लेकर आएगी। विधानसभा चुनाव से पहले राहुल का यह दौरा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत मानी जा रही है।

### राहुल की स्पीच की बड़ी बातें...

**संविधान पर:** शिवाजी महाराज ने देश दुनिया को क्या मैसेज दिया। सबसे पहले उन्होंने कहा था देश सबका है। सबको लेकर चलना है। अन्याय नहीं करना है। मगर हम सोचें कि इनकी सोच का आज कौन सा चिह्न है तो वो ये संविधान है। सीधा सा कनेक्शन है। जो शिवाजी महाराज ने कहा था, 21वीं सदी में उसका ट्रांसलेशन संविधान है। उनकी सोच से ही संविधान आया। अगर शिवाजी और शाहूजी महाराज जैसे लोग नहीं होते तो संविधान नहीं होता।

**शिवाजी महाराज पर:** आज यहां मूर्ति का अनावरण कर रहे हैं। शिवाजी महाराज की। ये सिर्फ एक मूर्ति नहीं। मूर्ति जब बनाई जाती है जब हम किसी व्यक्ति की विचारधारा को, उनके कर्मों को दिल से समर्थन करते हैं। हम यहां आए और मूर्ति अनावरण कर दिया। और जो ये पूरी जिंदगी जिसके लिए लड़े, हम उसके लिए लड़ें तो मूर्ति का कोई मतलब ही नहीं। जिस तरीके से ये जिए, शायद हम न कर पाएं।

## बीजेपी को लग सकता है डबल झटका

J&K में कांग्रेस-NC बना सकते हैं सरकार

- हरियाणा में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी के आसार



एजेंसी । नई दिल्ली

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने के बाद एग्जिट पोल के नतीजे सामने आए। हरियाणा में कांग्रेस सरकार में वापसी करती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के सत्ता में आने का अनुमान है। हरियाणा के 9 और जम्मू-कश्मीर के 7 एग्जिट पोल्स सामने आए हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की 90-90 सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है।




# 5G टावरों से बेहद महंगे कंपोनेंट चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## चीन-हांगकांग में बेच रहा था गिरोह, 6 गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे में मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी करने के आरोप में एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों से 40 लाख रुपये का सामान भी बरामद किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने के मामले में छह लोगों को पकड़ा है। उनसे लाखों के सामान भी बरामद किए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह गिरोह अचोले, वलिव, पेल्हार समेत दूसरे राज्यों में चोरी की 20 वारदातों में शामिल था। उन्होंने बताया कि आरोपी मुंबई, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस 5G नेटवर्क के तकनीक में काम आने वाले बेहद जरूरी सामान AZNA कार्ड की चोरी की जांच कर रही थी। जांच का दायरा बढ़ाते हुए मीरा-भायंदर और वसई-विरार क्षेत्रों में भी छापेमारी की गई है।



### बिहार-बंगाल में भी कर चुके थे चोरी

जांच से पता चला है कि ये महंगे उपकरण न केवल मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई से चुराए गए थे, बल्कि बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, पंजाब और गोवा से भी चुराए गए थे।


### पुलिस ने बरामद किए 36 AZNA कार्ड

उन्होंने बताया कि तकनीकी और खुफिया जानकारी की मदद से पुलिस ने गिरोह का पता लगाया और उनके पास से चोरी किए गए 36 कार्ड बरामद किए हैं। यह गिरोह टावर से चुराए गए कंपोनेंट को हांगकांग और चीन में ब्लैकमार्केट में बेचते थे और उससे पहले उसका सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर बदल देते थे।

# हाईवे के पास गोदाम में लगी भीषण आग

## करोड़ों का माल जलकर खाक

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**



मुंबई नासिक राजमार्ग पर भिवंडी तालुका के वालशिंद गांव की सीमा में स्थित वी लॉजीक के एक बड़े जंबो गोदाम परिसर में आधी रात के आसपास आग लग गई, हालांकि पूरे गोदाम परिसर के सामने 20 शटर हैं, लेकिन पूरा गोदाम एकीकृत है जिसके कारण इस गोदाम में रखा तेल, कपड़ा, प्लास्टिक सामग्री और रसायन बड़ी मात्रा में जल कर खाक हो गया। इस बीच सुबह के वक्त इस जगह पर बड़े-बड़े केमिकल विस्फोट हो रहे थे। आग की सूचना मिलते ही सुबह भिवंडी और कल्याण ठाणे और नवी मुंबई से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां वहां पहुंच गई और भड़की हुई आग पर काबू पाने का प्रयास शूरू कर दिया। लेकिन आग पर काबू पाने के दौरान आग में जंबो गोदाम का पूरा ढांचा ढह जाने से आग बुझाने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसके बाद नवी मुंबई में फायर ब्रिगेड की गाड़ी के ऊपर क्रेन से आग बुझाने की कोशिश की गई आधी रात के आसपास हुई इस घटना से कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन फायर ब्रिगेड ने 12 घंटे बाद आग पर काबू पा लिया।

# गैस कनेक्शन अपने नाम कराने के बाद लाडली बहनों को मिलेंगे तीन मुफ्त सिलेंडर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत प्रति वर्ष मुफ्त में तीन घरेलू गैस सिलेंडर लाभार्थी महिलाओं को देने से जुड़े नियमों में मामूली संशोधन किया है। इसके तहत 1 जुलाई, 2024 तक के राशन कार्ड के अनुसार मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना की पात्र महिला लाभार्थियों में से जिनके परिवार के अन्य दूसरे सदस्यों के नाम पर गैस कनेक्शन होगा, ऐसी महिला लाभार्थी के अपने नाम पर गैस कनेक्शन ट्रांसफर कराने के बाद वह मुफ्त में तीन गैस सिलेंडर पाने के लिए पात्र होंगी।

### संशोधित शासनादेश जारी

राज्य के खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग ने इस बारे में संशोधित शासनादेश जारी किया है। इससे पहले सरकार ने बीती 30 जुलाई को राज्य में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र 52 लाख 16 हजार महिला लाभार्थियों को मुफ्त में तीन गैस सिलेंडर पाने के लिए पात्र घोषित किया था। इसके अलावा मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना के तहत 1 जुलाई, 2024 को पात्र लाभार्थी महिलाओं को ही तीन गैस सिलेंडर देने का फैसला किया था। इसके लिए गैस सिलेंडर नाम पर होना अनिवार्य था। लेकिन अब सरकार ने इसमें शिथिलता देते हुए लाडली बहन योजना की महिला लाभार्थियों के अपने नाम पर गैस कनेक्शन हस्तांतरित करने के बाद मुफ्त में तीन गैस सिलेंडर देने का फैसला किया है।

# एंटीलिया में चल रहे गणेश घाट के कार्य का आमदार कुमार आयलानी ने किया निरीक्षण

## पंडाल में मातारानी का दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

रीजेंसी एंटीलिया परिसर में नदी के किनारे बन रहे गणेश घाट पर चल रहे कार्य का विकास के कर्णधार विधायक कुमार आयलानी द्वारा निरीक्षण किया गया। गौरतलब हो कि एंटीलिया परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक भव्य घाट का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसका पिछले सप्ताह ही कुमार आयलानी द्वारा भूमिपूजन किया गया था। पूर्ण रूप से प्राकृतिक छटा के साथ यह ऐसा परिसर होगा जहां पर लोग जॉगिंग, सुबह शाम प्रकृति के बीच बैठकर आनंदित हो सकेंगे। बुजुर्गों व महिलाओ के लिए भी विशेष सुविधा होगी तथा समाज



हाल के साथ ही इस परिसर में एक भव्य गार्डन भी होगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को दीवार के कार्य मे आवश्यक बदलाव समेत अन्य निर्देश भी दिए तथा परिसर के मैदान की घास को साफ करके नागरिकों के अनुकूल बनाने का भी निर्देश दिया। बहुत जल्द ही यह घाट सर्वसामान्य के लिए उपलब्ध होगा जहां पर लोग स्वास्थ लाभ ले सकेंगे।

# सेंचुरी रेयान रामलीला मैदान में उमड़ रही है भक्तों की भीड़

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सेंच्युरी रेयान) कंपनी द्वारा रामलीला मैदान में पिछले 39 वर्ष से बड़े ही धूमधाम के साथ सेंच्युरी संस्थान में काम करने वाले कामगारों के द्वारा श्रीराम की लीला का मंचन किया जाता है।शनिवार को धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया गया। रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने पहुँच रहे हैं

### 39 वर्षो से संस्थान व सेंचुरी कंपनी के कामगारों द्वारा किया जा रहा है रामलीला





सेंचुरी रेयान रामलीला मैदान व्यास्थापक एस.आर.सिंह के मार्गदर्शन में 39 वर्षो से श्री राम लीला का मंचन किया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर भी यह रामलीला 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक रोजना शाम 7 बजे से 10 बजे तक किया जा रहा है। शनिवार को रामलीला रंगमंच पर लीला मंचन के दौरान धनुष यज्ञ व सीता स्वंयवर का मंचन किया गया। लीला की शुरुआत सर्वप्रथम श्री गणेश वंदना तथा सर्वमंगल की कामना के साथ की गई ।साथ ही मंचन में राजा दशरथ के द्वारा मुनि विश्वामित्र को सीता स्वंयवर का निमत्रण भेजना, उसके पश्चात श्रीराम व लक्ष्मण सहित मुनि का स्वयंवर में पहुंचना, रावण बाणासुर संवाद, श्रीराम का शिव के धनुष को तोडना तथा महाक्रोधी व महा पराक्रमी मुनि परशुराम का स्वयंवर सभा में आगमन व लक्ष्मण के साथ संवाद करना व श्रीराम के द्वारा अपनी विन्रमता के साथ परशुराम को शांत करने तक के प्रंसग तक का मंचन कलाकारों के द्वारा सचित्र किया गया। 12 अक्टूबर को राम रावण युद्ध के साथ रावण का वध व दहन और राम राज्य अभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा।

# नई आवास नीति के मसौदे में जनता की रुचि का अभाव

## मुंबई उपभोक्ता पंचायत की आपत्तियां

**दीपक पवार । मुंबई**

राज्य आवास विभाग द्वारा तैयार किए गए महाराष्ट्र आवास नीति 2024 के मसौदे पर आपत्तियां और सुझाव देने की अवधि बढ़ाने की मांग मुंबईकर लगातार कर रहे हैं। आवास विभाग द्वारा 3 अक्टूबर तक दी गई समय सीमा कम है और आपत्तियां उठाई गई हैं। साथ ही ड्राफ्ट में घरों के बारे में सोचते समय आम जनता की नजर में इसमें कई त्रुटियां हैं और इसलिए घर खरीदने वालों के साथ अन्याय होगा, ऐसा पक्ष मुंबई कंज्यूमर पंचायत ने सामने रखा है. तर्क दिया गया है कि आवास नीति आम आदमी के हित में होनी चाहिए और मसौदे में खामियां बताई गई हैं. मकानों की अनियंत्रित कीमतें,



मकानों की अप्राप्य कीमतें, आवास निर्माण में लालफीताशाही का प्रशासन, पुनर्विकास परियोजनाओं के लिए गैर-महारेरा संरक्षण, पुनर्विकास में कठिनाइयां, खाली जमीनों पर अतिक्रमण, परियोजनाओं को रोकने वाले डेवलपर्स के खिलाफ कार्रवाई की कमी आदि जैसे मुद्दे सामने आए हैं। मुंबई उपभोक्ता पंचायत ने आवास विभाग द्वारा तैयार आवास नीति के मसौदे पर आपत्तियों और सुझावों के लिए 31 अक्टूबर तक समय बढ़ाने की मांग की है।

# अमर शहीद संत कंवरराम आर्थिक विकास महामंडल स्थापना करने की मुख्यमंत्री से मांग

**दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर**

अमर शहीद संत कंवरराम आर्थिक विकास मंडल की स्थापना करने की मांग महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामनी ने महाराष्ट्र राज्य मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है ताकि सिंधी समाज के दुर्बल लोगों को मजबूत बनाया जा सके और उनको रोजगार देकर सिंधी समाज को सक्षम बनाया जाए जिससे वह अपना जीवन यापन कर सके।




### सिंधी समाज के लिए आर्थिक महामंडल की स्थापना जरूरी है: महेश सुखरामनी

वर्तमान समय में महेश सुखरामनी महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष है और इस विभाग के मंत्री सुधीर भाऊ मुंगटीवार है। सिंधी समाज को जागृत करने और सिंधी समाज के प्रचार प्रसार के लिए महेश सुखरामनी महाराष्ट्र के कोने-कोने में जा रहे हैं और कई कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागृत कर रहे हैं जिससे सिंधी समाज अब एकत्रित हो रहा है और सिंधी समाज मांग कर रहा है की अमर शहीद संत कंवरराम आर्थिक विकास महामंडल के नाम से एक महामंडल बनाया जाए और दुर्बल लोगों को आर्थिक व प्रशिक्षण सहायता देकर उनको मुख्य धारा में लाया जा सके जिससे उनका जीवन यापन सुखमय हो। इन्हीं बातों को देखते हुए महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्य अध्यक्ष महेश सुखरामनी ने महाराष्ट्र राज्य मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार को लिखित पत्र देकर मांग किया है जैसे अन्य लोगों के विकास के लिए महामंडल बनाया गया है वैसे ही सिंधी समाज के विकास के लिए अमर शाहिद संत कवाराम आर्थिक विकास महामंडल की स्थापना की जाए और सिंधी समाज के दुर्बल लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए इस महामंडल के अंतर्गत कम से कम 50 करोड रुपए का फंड रखा जाए और इस फंड का उपयोग सिंधी समाज के दुर्बल लोगों के लिए उपयोग किया जाए ताकि वह अपनी मुख्य धारा में आ सके और अपना जीवन सुख मय बनाएं।

# अहमदनगर जिले का बदला नाम, अब अहिल्यानगर से जाना जाएगा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**




राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी

महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले का नाम बदलकर 'अहिल्यानगर' कर दिया गया है। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर मराठा-मालवा साम्राज्य की प्रसिद्ध रानी थीं। उन्होंने उत्तर भारत के भी अनेक धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया था। भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से 'अहिल्यानगर' इस पश्चिमी भारतीय राज्य महाराष्ट्र का सबसे बड़ा जिला है। भाजपानीत महायुति सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले 13 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने का फैसला किया था।

### महाराष्ट्र सरकार ने जारी की राजपत्र अधिसूचना

एक अक्टूबर को गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद, महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले शनिवार को नाम बदलने के बारे में राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी। अहिल्याबाई होलकर (31 मई, 1725 – 13 अगस्त, 1795) को एक महान रानी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कई सामाजिक कार्यों में भाग लिया तथा पूरे भारत में सैकड़ों मंदिरों और धर्मशालाओं के निर्माण में मदद की। अहिल्याबाई होलकर का जन्म अहमदनगर जिले के चौंडी में एक धनगर परिवार में हुआ था और उनका विवाह होलकर राजवंश के खांडेराव होलकर से हुआ था। अपने पति खांडेराव होलकर और ससुर मल्हार राव होलकर के निधन के बाद अहिल्याबाई होलकर ने होलकर राजवंश के मामलों को खुद संभाला। उन्होंने घुसपैठियों के खिलाफ मालवा राज्य की रक्षा की और खुद युद्ध में सेनाओं का नेतृत्व किया।

# अस्पताल कर्मचारियों पर हमले मामले में नौ को दो साल की जेल

**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

ठाणे की एक अदालत ने सरकारी चिकित्सा कर्मचारियों पर हमला करने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में नौ लोगों को दो साल की सजा सुनाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एएन सिरसीकर ने बताया कि आरोपी एक मृत रिश्तेदार के इलाज से असंतुष्ट था। उसने एक गैंग बनाई और मेडिकल स्टाफ पर हमला किया। इसके साथ ही आरोपी ने



अस्पताल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया।

### 10 हजार का जुर्माना भी लगाया गया

जज ने कहा कि एक लोक सेवक समाज का सेवक होता है और उसे सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है, जिससे कि वह अपने कर्तव्य के पालन में हताश न हो जाए। जनता को यह सुनिश्चित करना होगा कि चिकित्सा अधिकारी बिना किसी डर के सेवा कर सकें। सभी आरोपी मुंब्र इलाके के रहने वाले हैं।अदालत ने उन्हें दो साल की सजा के साथ उनपर 10000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत न होने के कारण उसे बरी कर दिया गया, जबकि एक अन्य आरोपी की सुनवाई के दौरान ही मौत हो गई थी, जिसके कारण उसके खिलाफ मामला समाप्त कर दिया गया

### 20 जुलाई 2013 की है यह घटना

एक चिकित्सा अधिकारी द्वारा दर्ज मामले में बताया गया कि यह घटना 20 जुलाई 2013 की है। एक मरीज को ठाणे सिविल अस्पताल में मृत लाया गया था। अतिरिक्त लोक अभियोजक आरजी क्षीरसागर ने बताया कि मरीज को मृत घोषित किए जाने के बाद उसके रिश्तेदारों ने डॉक्टरों पर समय से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और उनपर हमला कर दिया। उन्होंने अस्पताल की संपति की भो नुकसान पहुंचाया। कार्यवाही के दौरान, अदालत ने लोक सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि चिकित्सा पेशेवरों को हिंसा या धमकी के डर के बिना अपने कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन संतोष शेट्टी के हाथों संपन्न



**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

पाइपलाइन डिविजनल बोर्ड ऑफ एजुकेशन, टेमघर भिवंडी के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर, सेकेंडरी स्कूल और जूनियर कॉलेज में कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन एक समारोह के दौरान पूर्व नगरसेवक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संतोष शेट्टी द्वारा किया गया। इस कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन समारोह संतोष शेट्टी के सहयोग एवं पहल से संभव हो सका। उनके समर्थन ने स्कूल को एक कंप्यूटर लैब प्रदान किया है, जो छात्रों के सीखने में महत्वपूर्ण साबित होगा ।

# पेसा के तहत आदिवासी क्षेत्रों में रिक्त पदों पर होगी ठेका भर्ती, शासनादेश जारी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

प्रदेश की शिंदे सरकार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवाल सहित सत्तारूढ़ दल के आदिवासी विधायकों के मंत्रालय की तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल के सुरक्षा जाल पर बीते शुक्रवार को कूदने के बाद हरकत मी आ गई है। सरकार ने पेसा कानून के तहत आदिवासी क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों स्तर पर काम करने वाले 17 संवर्गों के रिक्त पदों के लिए ठेके पर तत्काल भर्ती करने का फैसला लिया है। इस भर्ती के तहत चयनित अभ्यर्थियों को प्रति महीने मानधन प्रदान किया जाएगा। शनिवार को राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने शासनादेश जारी किया है। सरकार के मुताबिक पेसा कानून के तहत 17 संवर्गों के सरल सेवा के 6931 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।



### भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

इसके तहत भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। लेकिन चयन प्रक्रिया का परिणाम घोषित नहीं हुआ था। इस बीच इस भर्ती को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस कारण भर्ती प्रक्रिया को रोक दी गई थी। लेकिन सरकार ने अब इस भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों में से ठेके के आधार पर भर्ती शुरू हो जाएगी। इससे पहले शुक्रवार को विधानसभा के उपाध्यक्ष झिरवाल, राकांपा (अजित) विधायक किरण लहामाटे, कांग्रेस के बागी विधायक हिरामन खोसकर, बहुजन विकास आघाड़ी के विधायक राजेश पाटील और भाजपा सांसद हेमंत सावरा मंत्रालय की सुरक्षा जाल पर कूद गए थे। इसके बाद इन नेताओं के आंदोलन में भाजपा विधायक संदीप धुर्वे और भाजपा विधायक काशिराम पावरा शामिल हुए थे।

# 'चुनावों के बाद शिवसेना UBT में किसी 'गद्दार' की नहीं होगी वापसी'

## उद्धव ठाकरे का बागियों पर तंज

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से तमाम दावे किए जा रहे हैं, इस कड़ी में शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख खुद उद्धव ठाकरे ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद किसी भी गद्दार को पार्टी में जगह नहीं मिलेगी। उद्धव ठाकरे ने कहा कि डेढ़ महीने में बेरोजगार हो जाने के बाद किसी भी 'गद्दार' को पार्टी में जगह नहीं दी जाएगी।

### भाजपा का हिंदुत्व घर जलाने में मदद करता है- ठाकरे




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र दौरे को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि जब भी प्रधानमंत्री किसी परियोजना की आधारशिला रखते हैं तो वह कभी पूरी नहीं होती। उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि राज्य में अस्थिरता के कारण 2022 में उनकी सरकार गिरने के बाद से महाराष्ट्र में कोई बड़ी परियोजना शुरू नहीं हुई है। उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारा हिंदुत्व रसोई गैस जलाने में मदद करता है, जबकि भाजपा का हिंदुत्व घर जलाने में मदद करता है।

### विभाजन के बाद से शिंदे गुट को गद्दार कहते हैं उद्धव

उन्होंने नवंबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों का हवाला दिया। बता दें कि जून 2022 में शिवसेना का विभाजन हो गया था, जब एकनाथ शिंदे ने उनके खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसके कारण महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई। तब से, उद्धव ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) नियमित रूप से एकनाथ शिंदे और उनके बागियों के समूह को गद्दार कहते रहे हैं।

### सत्ता में आने पर लूट का हिसाब लेगी पार्टी- ठाकरे

वहीं शिवसेना यूबीटी की तरफ से आयोजित एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए, उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि राज्य के लोग भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को विधानसभा चुनावों में उसकी जगह दिखाएंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा, डेढ़ महीने बाद, ये गद्दार नौकरी के लिए हमारे पास आएंगे क्योंकि वे बेरोजगार हो जाएंगे।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** हर असफलता वापसी का अवसर है : गेरी एडम्स

# राहुल गांधी हाजिर हों..!

## वीर सावरकर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता को पुणे कोर्ट का समन

▶▶ 23 अक्टूबर को होगी पेशी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे**



पुणे की एक विशेष अदालत ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के भतीजे सात्यकि सावरकर द्वारा दायर मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन जारी किया है। कोर्ट ने राहुल गांधी को 23 अक्टूबर 2024 को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। यह मामला राहुल गांधी के मार्च 2023 में लंदन में दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सावरकर ने अपनी पुस्तक में लिखा था कि उन्होंने और उनके दोस्तों ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी, जिससे उन्हें खुशी हुई थी।

### मामला और आरोप

सावरकर के भतीजे सात्यकि सावरकर ने कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि सावरकर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया और न ही ऐसी कोई घटना हुई थी। सात्यकि ने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा पूरी तरह से गलत है और इससे विनायक सावरकर की छवि को धूमिल किया जा रहा है। इस याचिका के बाद पुणे की कोर्ट ने विश्रामबाग पुलिस स्टेशन को मामले की जांच का आदेश दिया था। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने राहुल गांधी को समन जारी किया है।

### 23 अक्टूबर को पेशी

इस मामले में राहुल गांधी को 23 अक्टूबर 2024 को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। इस घटनाक्रम से राहुल गांधी की कानूनी चुनौतियों में एक और मामला जुड़ गया है।

### वकील का बयान

राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले को लेकर सावरकर परिवार के वकील संग्राम कोल्हटकर ने बताया कि सावरकर की छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से यह झूठा बयान दिया गया था। इसके चलते उन्होंने अदालत में शिकायत दर्ज की थी, जिसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी को समन भेजा है।

# इंडिगो एयरलाइन के सिस्टम नेटवर्क में शनिवार को तकनीकी खराबी

**मुंबई।** इंडिगो एयरलाइन के सिस्टम नेटवर्क में शनिवार को तकनीकी खराबी आ गई, जिसकी वजह से पूरे देश में उड़ान संचालन और ग्राउंड सेवाएं बाधित हुईं। तकनीकी गड़बड़ी के कारण कई हवाई यात्री विभिन्न हवाईअड्डों पर फंस गए, क्योंकि वे विमान में सवार नहीं हो पाए और टिकट बुक नहीं कर पाए, जिससे उड़ानों में काफी देरी हुई। इंडिगो ने इस संबंध में कहा कि उसके नेटवर्क में अस्थायी रूप से दिक्कत आ रही है, जिससे उसकी वेबसाइट और बुकिंग प्रभावित हो रही है। एयरलाइन ने यह भी कहा कि इससे चेक-इन में देरी हो सकती है और वह जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रही है।

### एयरलाइन ने जारी की एडवाइजरी




एक्स पर पोस्ट की गई ट्रैवल एडवाइजरी में इंडिगो ने कहा, 'हम वर्तमान में अपने नेटवर्क में अस्थायी रूप से सिस्टम में मंदी का सामना कर रहे हैं, जिससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम प्रभावित हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप, ग्राहकों को प्रतीक्षा समय में वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें धीमी चेक-इन और हवाई अड्डे पर लंबी कतारें शामिल हैं।' इसमें आगे कहा गया है, 'हम यथाशीघ्र स्थिरता और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं।' एयरलाइन ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'हम आपको आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमारी समर्पित हवाई अड्डा टीमें चल रही सिस्टम आउटेज से प्रभावित ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। वे चेक-इन काउंटर पर प्रतीक्षा समय को कम करने और सभी के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस दौरान आपके धैर्य और समझ की वास्तव में सराहना करते हैं। हमारे साथ बने रहने के लिए आपका धन्यवाद।'

# अजित पवार गुट के नेता की हत्या



▶▶ धारदार हथियार से हमला कर फरार हुए आरोपी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता सचिन कुर्मी की शुक्रवार रात मुंबई के भायखला इलाके में हत्या कर दी गई। आरोपियों ने सचिन पर धारदार हथियारों से हमला किया और इसके बाद वह फरार हो गए। खबर के मुताबिक बीती रात मुंबई के भायखला इलाके में NCP अजित पवार गुट के तालुका अध्यक्ष सचिन कुर्मी पर अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सचिन कुर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी हमला करने के बाद फरार हो गए।

### जांच में जुटी पुलिस

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल सचिन कुर्मी को तुरंत मुंबई के जे जे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, हालांकि इस घटना को लेकर अस्पताल में मौजूद कार्यकर्ता कोई बात नहीं कर रहा है। वहीं मुंबई पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना आधी रात को करीब 12:30 बजे हुई। जैसे ही इसकी सूचना मिली तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल सचिन को नजदीकी जेजे अस्पताल में ले जाया गया है, यहां डॉक्टर ने जांच के बाद कुर्मी को मृत घोषित कर दिया। यह पता नहीं चल सका है कि हत्या किसने और क्यों की। हमले में 2 से 3 लोग शामिल थे।

# 'दबाव में की थी परमबीर सिंह के खिलाफ उगाही की शिकायत'

▶▶ कारोबारी ने किया सनसनीखेज दावा

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ दर्ज जबरन उगाही के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। सिंह के खिलाफ जबरन उगाही की शिकायत दर्ज कराने वाले बिजनेसमैन केतन तन्ना ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मामले को रद्द करने की अपील की है। तन्ना ने दावा किया कि परमबीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए उनके ऊपर दबाव डाला गया था। कारोबारी ने याचिका में दावा किया कि उन्हें धमकी दी गई थी अगर उन्होंने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर के खिलाफ शिकायत नहीं दर्ज कराई तो उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसा दिया जाएगा।



### 8 अक्टूबर को सुनवाई होने की उम्मीद

केतन तन्ना ने कहा कि वह अपना 'ब्लंडर' सुधारकर अंतरात्मा पर महसूस किए जा रहे बोझ से आजाद होना चाहते हैं। तन्ना ने इस हफ्ते की शुरुआत में याचिका दायर की और इस पर 8 अक्टूबर को सुनवाई होने की उम्मीद है। कारोबारी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि जिस समय परमबीर सिंह तत्कालीन महा विकास अघाड़ी यानी कि MVA गठबंधन की महाराष्ट्र सरकार के साथ विवाद में उलझे थे, उस समय इस सीनियर IPS ऑफिसर के खिलाफ साजिश रची जा रही थी।

### ठाणे पुलिस में दर्ज कराई थी शिकायत

कारोबारी ने दावा किया कि उन्हें महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के बंगले के बाहर बुलाया गया और तत्कालीन DGP संजय पांडे ने उनसे कहा कि परमबीर सिंह के खिलाफ जबरन वसूली की शिकायत दर्ज करानी है। उन्होंने जुलाई 2021 में ठाणे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया गया था कि जब सिंह ठाणे के पुलिस कमिश्नर थे तब जनवरी 2018 से फरवरी 2019 के बीच एंटी-एक्सटॉर्शन सेल के दफ्तर में बुलाकर और गंभीर क्रिमिनल केसेज में फंसाने की धमकी देकर उनसे 1.25 करोड़ रुपये की जबरन वसूली की गई।

### 'उस समय सच्चाई सामने नहीं ला सका'

कारोबारी ने अपनी याचिका में कहा कि उनके ऊपर 'शिकायत दर्ज कराने का दबाव था और वह सच्चाई सामने नहीं ला सके, लेकिन अब वह अपनी अंतरात्मा की आवाज पर कदम उठाना चाहते हैं।' तन्ना ने कहा कि वह इसीलिए उन्होंने इस मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है।

# फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

## मानसिक परेशानी से जूझ रही थी 17 साल की लड़की

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के माहिम इलाके में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 17 साल की लड़की ने मानसिक परेशानी से जूझते हुए आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि लड़की का बीते दो साल से इलाज चल रहा था। वह अक्सर पैनिक अटैक का सामना करती थी। इस मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। एजेंसी के अनुसार, यह मामला मैहिम के कापड़ बाजार स्थित बुरहानी मेंशन का है। यहां 17 साल की लड़की परिजनों के साथ रहती थी। उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लड़की ने शुक्रवार की सुबह घर के पास ही रहने वाली अपनी बहन से तबीयत ठीक न होने की बात कही थी। इसके बाद उसकी बहन पहुंची और हालचाल पूछा था। इसके बाद जब उसकी बहन अपने घर चली गई और लड़की की मां किसी काम से बाहर गई, तो लड़की ने घर में फांसी लगा ली।



**दोपहर नोट:** अगर आपके या आपके किसी परिचित के मन में आता है खुदकुशी का ख्याल तो ये बेहद गंभीर मेडिकल एमरजेंसी है। तुरंत भारत सरकार की जीवनसाथी हेल्पलाइन 18002333330 पर संपर्क करें। आप टेलिमानस हेल्पलाइन नंबर 1800914416 पर भी कॉल कर सकते हैं।

### आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज

जब परिजनों ने देखा तो घर में कोहराम मच गया। तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि लड़की दो वर्षों से अवसाद से ग्रस्त थी, वह घर पर ही रहती थी। अवसाद के कारण उसे अक्सर पैनिक अटैक आते थे। पुलिस ने माहिम थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है।

# अजित पवार को लगेगा झटका!

**पूर्व स्पीकर रामराजे निंबालकर थामेंगे शरद पवार का हाथ**



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार को फिर झटका लग सकता है। राज्य विधानसभा स्पीकर और महायुति में शामिल बीजेपी नेता राहुल नार्वेकर के ससुर और पूर्व स्पीकर रामराजे नाइक निंबालकर अजित पवार की पार्टी एनसीपी से नाराज हैं। रामराजे नाइक निंबालकर फलटन से विधान सभा के दावेदार थे, लेकिन अजित पवार ने दीपक चव्हाण को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इससे नाराज रामराजे निंबालकर एनसीपी के शरद पवार गुट की राह पर हैं। रामराजे नाइक एनसीपी के वरिष्ठ नेता हैं। वह 2015 से 2016 और 2016 से 7 जुलाई 2022 तक विधान परिषद के 13वें अध्यक्ष रहे हैं। पूर्व विधान परिषद अध्यक्ष रामराजे नाइक निंबालकर शरद पवार समूह में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके लिए वह जल्द ही फलटन में बैठक कर कार्यकर्ताओं से चर्चा करने वाले हैं। इसके बाद वे अपनी भूमिका की घोषणा करेंगे।

## चेंबूर हिट एंड रन मामला

# कांग्रेस सांसद चंद्रकांत हंडोरे का बेटा गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

चेंबूर हिट एंड रन मामले में शनिवार को गोवंडी पुलिस स्टेशन की टीम ने कांग्रेस सांसद चंद्रकांत हंडोरे के बेटे गणेश हंडोरे को गिरफ्तार किया है। गणेश हंडोरे ने शुक्रवार शाम को अपनी कार से एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी थी। घायल मोटरसाइकिल चालक गोपाल अरोटे का इलाज नजदीकी अस्पताल में जारी है।



### बाइक को मारी थी टक्कर

पुलिस के अनुसार गणेश हंडोरे शुक्रवार रात को कार से जूस पीने के लिए गोवंडी गए थे। लौटते समय चेंबूर में आचार्य कॉलेज के पास उन्होंने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दुपहिया वाहन चालक गोपाल अरोटे घायल हो गया। इसके बाद गोपाल अरोटे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराए बिना गणेश हंडोरे मौके से भाग गए। इस घटना के बाद गोपाल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। गोवंडी पुलिस ने छानबीन करने के बाद गणेश हंडोरे के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसी मामले में पुलिस ने आज गणेश हंडोरे को गिरफ्तार कर लिया है।

# पश्चिम रेलवे ने रिकॉर्ड समय में उत्पादकता से जुड़े बोनस का 100% किया भुगतान

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसने रेलवे बोर्ड की घोषणा के 24 घंटे के भीतर सभी पात्र कर्मचारियों यानी लगभग 85,000 अराजपत्रित कर्मचारियों को 143 करोड़ रुपये की उत्पादकता से जुड़े बोनस (PLB) का 100% भुगतान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

पश्चिम रेलवे
WESTERN RAILWAY

### 85,000 अराजपत्रित कर्मचारियों को पीएलबी वितरित

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे में कार्यरत सभी अर्थात लगभग 85,000 अराजपत्रित कर्मचारियों को उत्पादकता से जुड़ा बोनस (PLB) वितरित किया गया है। यह उत्कृष्ट उपलब्धि छह मंडलों, सभी कारखानों, इकाइयों और मुख्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों की अटल प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों का प्रमाण है, जिन्होंने निर्बाध वितरण सुनिश्चित करने के लिए लेखा विभाग के साथ पूर्ण समन्वय के साथ कार्य किया। पश्चिम रेलवे की यह उपलब्धि अपने कर्मचारियों के प्रति प्रतिबद्धता और उनके कल्याण को प्राथमिकता देने के संकल्प को रेखांकित करती है।

# दावोस दौरे को लेकर भ्रामक नोटिस

## स्विस कंपनी का एमआईडीसी के साथ कोई समझौता नहीं

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

विश्व आर्थिक सम्मेलन, दावोस 2024 में राज्य प्रतिनिधिमंडल के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों में से 1 करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान न किए जाने के संबंध में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। यह सरासर झूठ है, जिसका खुसाला यहां किया गया है।
मे. स्काई.जीएमबीएच, स्विटजरलैंड ने कानूनी सलाहकार ज्यूरिस विज से कथित बकाया राशि के भुगतान के लिए एमआई डीसी को कानूनी नोटिस भेजा है। हालांकि, मे.स्काई जीएमबीएच और एमआईडीसी के बीच कोई सीधा समझौता नहीं है। दावोस, 2024 में प्रतिनिधिमंडल के लिए सभी आवश्यक प्रबंध MIDC के साथ पंजीकृत एक टूर्स एंड ट्रैवल संगठन के माध्यम से किए गए थे। इसलिए, स्विस कंपनी को बकाया भुगतान के लिए निगम को नोटिस जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। साथ ही, निगम ने इस संबंध में किसी अन्य विदेशी संगठन के साथ कोई समझौता नहीं किया है। एमआईडीसी और मे. जीएमबीएच के बीच कोई अनुबंध ही नहीं है। स्विस कंपनी द्वारा कानूनी नोटिस भेजना गलत है। दावोस में एमआईडीसी




द्वारा की गई सभी व्यवस्थाओं की लागत 5.61 करोड़ रुपये है, जो आवश्यक सत्यापन के बाद हमारे पैनल पर आपूर्तिकर्ता संगठन को पहले ही भुगतान कर दिया गया है। एमआईडीसी के साथ सूचीबद्ध एक संगठन भुगतान के छह महीने बाद 1.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था प्रदान करेगा। दिनांक 2 जुलाई 2024 को प्रस्तुत किया गया। उक्त अतिरिक्त भुगतानों के साथ केवल वाहन व्यवस्था शुल्क पत्रक के संबंध में विसंगति का प्रमाण संलग्न है। इसके अलावा कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं किया गया है। साथ ही एमआईडीसी में किसी भी अधिकारी ने अतिरिक्त सेवा के उपयोग को प्रमाणित नहीं किया है। दावोस यात्रा अवधि के दौरान अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध संगठन जबकि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे यात्रा अवधि के दौरान अतिरिक्त सेवा के बारे में एमआईडीसी को सूचित करें एमआईडीसी को किसी भी तरह से सूचित नहीं किया गया।
चूंकि अतिरिक्त व्यय का भुगतान पुख्ता सबूतों के अभाव में छह महीने बाद प्रस्तुत किया गया था, इसलिए इन भुगतानों का भुगतान उचित नहीं है। एमआईडीसी जल्द ही अपने पैनल के वकीलों द्वारा प्राप्त कानूनी नोटिस का जवाब देगा।

# चुनाव के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रहे PM और BJP'



▶▶ राउत का दावा, मुकदमा दर्ज करने की मांग

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अपने चुनावी अभियानों के लिए विमान जैसी सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने इसके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा का केवल एक वर्ग ही मोदी को प्रधानमंत्री मानता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन से जुड़ी 23,300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। मोदी नांदेड़ हवाई अड्डे पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर से वाशिम गए।

**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST- 536547 दिनांक: 03.10.2024 आमंत्रित करता है। कार्य का नाम और उसका स्थान:** एलएचबी कोचों में अतिरिक्त जल भरने की व्यवस्था का रेट्रो-फिटमेंट और मौजूदा जल भरने की व्यवस्था में संशोधन. **अनुमानित लागत (रुपये में):** 2,26,27,916.00/. **ईएमडी:** 2,63,100.00/. **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने और ई-निविदाओं को खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 04.11.2024 को 12:00 बजे और 12:30 बजे खोला जाएगा। **बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट:** www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं. **0591**

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**रखरखाव कार्य**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिमी रेलवे, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 13 **निविदा सूचना संख्या: WR-PL-ME-EST- 512859 दिनांक: 04.10.2024 आमंत्रित करता है.** कार्य का नाम और उसका स्थान: गैर-एसी एलएचबी (एलडब्ल्यूएससीएन) कोचों के शौचालय और अन्य क्षेत्रों की साज-सज्जा जिसमें पानी की टंकी फिटमेंट, छुपा हुआ प्लंबिंग, एलपी शीट/डीजीएफआरपी/एस.एस. शीट फिटमेंट के साथ सभी यात्री सुविधाएं और कार्य के दायरे के अनुसार नोटिस शामिल हैं। **अनुमानित लागत (रुपये में):** 7,04,84,251.32/. **ईएमडी:** 5,02,400.00/. **ई-बोली ऑनलाइन जमा करने और ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समय:** 04.11.2024 को 13:00 बजे। **बोली प्रपत्र और अन्य विवरण जैसे शुद्धिपत्र वेबसाइट:** www.ireps.gov.in से प्राप्त किए जा सकते हैं. **0593**

Like us on: facebook.com/WesternRly

दो बजे दोपहर




संपादकीय

# बेअसर फटकार

एक बार फिर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण रोकने के लिये प्रभावी कदम न उठाने पर पंजाब व हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने कहा कि सरकारों ने पराली जलाने के दोषियों से नाममात्र का ही जुर्माना वसूला, जिसके चलते इसे जलाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फलतः दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निरंतर प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी खरी-खोटी सुनायी है कि उसने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिये उसके निर्देशों को लागू करने का ईमानदार प्रयास नहीं किया। दो सदस्यीय पीठ ने सख्त नाराजगी जतायी कि गत 29 अगस्त को दिल्ली में वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिये बुलाई आयोग की बैठक में ग्यारह में से सिर्फ पांच सदस्य ही शामिल हुए। पराली जलाने की घटनाओं पर शिथिलता बरतने पर कोर्ट ने केंद्र सरकार व वायु गुणवत्ता आयोग को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दायर करने को कहा है। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिये आगामी 16 अक्तूबर की तारीख तय की है। यह विडंबना ही है कि प्रदूषण के मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तो लगातार होती रही है लेकिन पराली व प्रदूषण बढ़ाने वाले अन्य कारकों पर रोक लगाने के लिये कोई ईमानदार प्रयास होते नजर नहीं आते। अदालत ने गत वर्ष भी कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिये सतत निगरानी की जानी चाहिए। इसके विपरीत दिल्ली सरकार, हरियाणा व पंजाब में पराली का मुद्दा राजनीति के रंग में रंगता रहा है। यही वजह है कि बीते साल की तरह ही इसी मौसम में फिर से प्रदूषण की समस्या विकट होती जा रही है। फिर ठंड का मौसम आते ही भौगोलिक कारणों से प्रदूषण विकराल रूप लेने लगता है। दिवाली पर तो पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। निस्संदेह, यह तंत्र की काहिली का ही नतीजा है, जिसके चलते दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर लेती है। दरअसल, प्रदूषण के एक घटक पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि की वजह भी वोटों की राजनीति ही है। सरकारें पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती रही हैं। उन्हें अपने वोट बैंक के खिसकने की चिंता सताती रहती है। हाल ही में वायु गुणवत्ता आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि गत पंद्रह से पच्चीस सितंबर के मध्य पंजाब में पिछले साल इन दिनों के मुकाबले में दस गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं हुई हैं। वहीं बीते वर्ष इसी अवधि के मुकाबले इस वर्ष हरियाणा में पांच गुना अधिक पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गई। सवाल यह है कि हर साल सितंबर से नवंबर के बीच बढ़ने वाली पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा है? बावजूद इसके कि शीर्ष अदालत बार-बार सख्त निगरानी की बात कहती रहती है। लेकिन सरकारों के तमाम दावों के बावजूद किसानों को ऐसा कारगर विकल्प नहीं दिया जा सका है कि किसान को खेत में पराली जलाने की जरूरत न पड़े। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकारें भी तभी जागती हैं जब राजधानी व उसके आसपास के इलाकों में प्रदूषण के कारण जीवन पर संकट उत्पन्न होने लगता है। यहां तक कि अदालत के आदेश भी क्रियान्वयन की बाट जोहते रह जाते हैं। जबकि आंकड़े बता रहे हैं कि हर साल देश में लाखों लोग वायु प्रदूषण के कारण मौत के मुंह में चले जाते हैं या फिर उनके जीवन की प्रत्याशा में कई सालों की कमी हो जाती है। लेकिन इसके बावजूद दिल्ली व अन्य राज्यों की सरकारें जन स्वास्थ्य के लिये उपजे बड़े संकट के प्रति संवेदनशील रवैया नहीं अपनाती हैं। वैसे राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण में पराली के अलावा तमाम अन्य कारक भी हैं। सड़कों पर उतरती पेट्रोल-डीजल वाहनों की सुनामी, सार्वजनिक यातायात की कमी व उद्योग व निर्माण कार्यों में लापरवाही भी प्रदूषण की बड़ी वजह है। दरअसल, इस संकट से मुक्ति के लिये समग्र दृष्टि से कदम उठाये जाने चाहिए।

# अंतरिक्ष में भारत की लंबी छलांग की तैयारी



मुकुल व्यास

हाल ही में चार महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशनों को मंजूरी मिलने के बाद भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम को नया बल मिला है। इन मिशनों का उद्देश्य अंतरिक्ष अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। ये मिशन अंतरिक्ष क्षमताओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं। मंजूर किए गए मिशनों में चंद्रयान-4, वीनस ऑर्बिटर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और गगनयान अनुवर्ती कार्यक्रम शामिल हैं। प्रत्येक मिशन की अपनी चुनौतियां हैं। उनकी सफलता उन्नत तकनीक, कुशल विशेषज्ञता और पर्याप्त वित्तीय सहायता पर निर्भर करेगी। उनमें से सबसे प्रमुख चंद्रयान-4 है जो चंद्र अन्वेषण की दिशा में भारत की अगली छलांग है। चंद्रयान-4 भारत के लिए एक अभूतपूर्व मिशन है, जो चंद्रमा से नमूने एकत्र करने और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। 2,104.06 करोड़ रुपये के प्रभावशाली बजट वाला यह मिशन चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित है, जिसने चंद्रमा पर उतरने की भारत की क्षमता को साबित किया। अब चंद्रयान-4 का लक्ष्य चंद्रमा की संरचना और भूगर्भीय इतिहास के बारे में हमारी समझ को गहरा करना है। चंद्रयान-4 का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा की सतह से मिट्टी और चट्टान के नमूने एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना है। ये नमूने चंद्रमा की संरचना और विकास के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करेंगे, जिससे वैज्ञानिकों को इसके निर्माण और अरबों वर्षों में इसे आकार देने वाली प्रक्रियाओं के बारे में बेहतर समझ मिलेगी।

सरकार द्वारा मंजूर किए गए अन्य मिशनों में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारत ने 2035 तक यह स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है। पृथ्वी की कक्षा में एक परिक्रमा स्टेशन स्थापित करना क्यों जरूरी है? भारत अपने गगनयान मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना चाहता है। एक बार अंतरिक्ष मानव उड़ानों का सिलसिला शुरू होने के बाद भारत को अंतरिक्ष में एक ऐसे ठौर-ठिकाने की जरूरत पड़ेगी जहां अंतरिक्ष यात्री कुछ समय बिताकर शून्य गुरुत्वाकर्षण की स्थिति में वैज्ञानिक प्रयोग कर सकें। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) अंतरिक्ष में हमारा अपना ठिकाना होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीएएस की पहली इकाई के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा करेगा। बीएएस को स्वीकृत का निर्णय गगनयान कार्यक्रम के विस्तार का हिस्सा है।

वहीं, गगनयान कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त 11,170 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का दायरा बढ़ने के साथ कुल निधि 20,193 करोड़ रुपये हो गई है। इस कार्यक्रम में बीएएस के सफलतापूर्वक निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक तकनीकों का परीक्षण और प्रमाण देने के मिशन भी शामिल किए जाएंगे। यह विशाल संरचना एक रिसर्च सेंटर के रूप में कार्य करेगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, खगोल विज्ञान और पृथ्वी अवलोकन से संबंधित प्रयोग कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्री 15-20 दिन तक इस स्टेशन में रह सकेंगे।

संशोधित योजना में अब बीएएस के विकास और इसके लिए आवश्यक प्रारंभिक मिशन शामिल हैं। इसमें एक और चालक दल रहित मिशन और गगनयान कार्यक्रम के लिए आवश्यक अतिरिक्त उपकरण जोड़ना भी सम्मिलित है। कार्यक्रम को अपडेट करने का मतलब यह है कि दोनों परियोजनाओं की सुचारु प्रगति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ध्यान रहे कि दिसंबर, 2018 में स्वीकृत गगनयान कार्यक्रम का उद्देश्य मानव को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने के अलावा भारत के भविष्य के मानव अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के लिए आवश्यक बुनियादी तकनीकों को स्थापित करना है।

आज अंतरिक्ष में एडवेंचर करने वाले सभी प्रमुख देश भविष्य के चंद्रमा मिशनों और अन्य दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक क्षमताओं का निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास और बड़े निवेश कर रहे हैं। भारत के गगनयान कार्यक्रम को इसरो की मौजूदा परियोजना प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करके संचालित किया जाएगा। इसका लक्ष्य दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक प्रमुख तकनीकों का निर्माण और प्रदर्शन करना है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए इसरो ने 2026 तक चल रहे गगनयान कार्यक्रम के तहत चार मिशन पूरे करने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, यह बीएएस-1 विकसित करेगा और दिसंबर, 2028 तक बीएएस के लिए विभिन्न तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए चार और मिशन संचालित करेगा। उल्लेखनीय है कि बीएएस जैसी अंतरिक्ष सुविधा सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ाएगी। इसके परिणामस्वरूप नई तकनीकी प्रगति होगी और महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में उद्योग की अधिक भागीदारी से आर्थिक गतिविधि को भी बढ़ावा मिलेगा और अंतरिक्ष और इससे संबंधित क्षेत्रों के भीतर विशेष उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अधिक नौकरियां पैदा होंगी। फिलहाल आईएसएस विज्ञान और प्रौद्योगिकी में दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है, जिसमें यूरोपीय देशों (यूरोपीय स्पेस एजेंसी), अमेरिका (नासा), जापान (जाक्सा), कनाडा (सीएसए) और रूस (रोस्कोस्मोस) के बीच साझेदारी शामिल है। आईएसएस का वजन लगभग 400 टन है और यह लगभग फुटबॉल के एक मैदान के आकार के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह लगभग 90-93 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा करता है और प्रतिदिन लगभग 16 परिक्रमाएं पूरी करता यह मनुष्यों द्वारा बसाया गया नौवां अंतरिक्ष स्टेशन है। इस अनूठी माइक्रोग्रैविटी प्रयोगशाला ने दुनियाभर के 4,200 से अधिक वैज्ञानिकों की 3,000 से अधिक शोध परियोजनाओं को सपोर्ट किया है। आईएसएस के अलावा इस समय चीन का चियनगोंग अंतरिक्ष स्टेशन भी काम कर रहा है। जैसा कि आईएसएस का अब तक अनुभव बताता है, एक स्पेस स्टेशन का निर्माण, संचालन और रखरखाव तकनीकी और आर्थिक दृष्टि से बहुत चुनौतीपूर्ण है। भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक इन चुनौतियों से भलीभांति अवगत हैं और इनसे निपटने में पूरी तरह से दक्ष और सक्षम हैं।

जीवन मंत्र

# दिखावे की चिंता छोड़िए

गृहस्थ जीवन में यह बहुत आम चिंता है। इसीलिए किसी काम को करने से पहले, कुछ कहने से पहले लोग बहुत ज्यादा सोचते हैं। इस बारे में अधिक सोचना दिखावा को बल देता है, जो क्षमता से अधिक प्रदर्शन के लिए उकसाता है।

यह सोचकर कि 'लोग क्या कहेंगे' किसी काम को करने से पहले मन दुविधा में पड़ जाता है। एक अज्ञात चिंता हमें सताने लगती है। गृहस्थ जीवन में यह बहुत आम चिंता है। इसीलिए किसी काम को करने से पहले, कुछ कहने से पहले लोग बहुत ज्यादा सोचते हैं। इस बारे में अधिक सोचना दिखावा को बल देता है, जो क्षमता से अधिक प्रदर्शन के लिए उकसाता है। समझने वाली बात है कि बाहरी प्रदर्शन में अपनी ऊर्जा नष्ट करने से क्या फायदा होगा? यदि भीतर सब कुछ ठीक रहेगा, तो बाहर दिखेगा ही दिखेगा। इतना समझ जाएं, तो दिखावे की कोई चिंता नहीं रह जाएगी।

मानव जीवन का लक्ष्य है प्रेम। प्रेम से ही श्रद्धा की उत्पत्ति होती है और इसी से सत्य से साक्षात्कार होता है। अंततः हमारा लक्ष्य इस सत्य तक पहुंचना होता है। जो सत्य का व्रती है और तपोनिष्ठ है, उसे कष्ट से डरना नहीं चाहिए। यह स्थापित बात है कि जो कष्ट से डरते हैं, उनसे बड़ा काम नहीं हो पाता। जीवन के हर स्तर पर उनकी हार होती है। कभी सोचा है, मनुष्य की हार क्यों होती है? पता लगाने पर मालूम होगा कि उनमें सत्यनिष्ठा और तपस्या नहीं थी। जहां सत्यनिष्ठा और तपस्या



होती है, वहां विजय अवश्य होती है। जीवन में किसी भी मनुष्य की तब तक विजय नहीं हो सकती और सत्य से उसका परिचय नहीं हो सकता, जब तक कि वह बुद्धिमान नहीं होता और सत्य का आश्रय नहीं लेता। बुद्धिमान और बौद्धिक लोग सत्य का आश्रय लेते हैं और उनके बारे में लोग कहते हैं कि उनकी विजय हुई है। दरअसल, सत्य मनुष्य को परमात्मा के पास पहुंचाता है। सत्य का अपना घर कहां है? परमात्मा में ही उसका अपना घर है। अगर परमात्मा में ही सत्य का घर है, तो जो उसके साथ हैं, उनकी विजय होगी। फिर भला वे क्यों डरेंगे? इस दुनिया की किसी भी चीज से वे नहीं डरेंगे।


अब जिस विद्यार्थी ने अच्छी तरह से तैयारी कर रखी है, वह परीक्षा से नहीं डरेगा और जिसने तैयारी नहीं की है, वह यहां-वहां आरती करता रहेगा। परमात्मा से यही गुहार लगाएगा कि प्रभु, अगर आपने पास नहीं कराया, तो आपके इस भक्त की बेइज्जती होगी। इसे अपने जूनियर साथियों के साथ पढ़ना होगा। तुम अगर ठीक से पढ़ते हो, तो वैसा नहीं होगा। ठीक इसी तरह, जो सत्यनिष्ठ हैं, वे न घबराएंगे, न अधीर होंगे, न ही डरेंगे।

सत्यनिष्ठा, तपस्या और प्रेम के मार्ग पर चलते हुए ही हम जीवन के सच्चे लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और किसी भी प्रकार की चिंता या डर से मुक्त हो सकते हैं। सत्य और तपस्या के मार्ग पर चलने वाले लोगों को सफलता और शांति अवश्य प्राप्त होती है।

प्रस्तुतिः हृदेश सिंह, मालटारी

शख्सियत | अर्दसीर कुर्सेत्जी

# भारतीय उद्योग और समाज सेवा के प्रेरणास्त्रोत



अर्दसीर कुर्सेत्जी एक प्रमुख भारतीय उद्योगपति, इंजीनियर और समाजसेवी थे। उनका जन्म 6 अक्टूबर 1808 को मुंबई में हुआ था। कुर्सेत्जी ने अपने करियर की शुरुआत 1837 में एक ठेकेदार के रूप में की, जहां उन्होंने अपने उत्कृष्ट निर्माण कौशल और प्रबंधन क्षमताओं के कारण जल्दी ही पहचान बनाई।

कुर्सेत्जी ने भारत में इंजीनियरिंग और निर्माण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। वे पहले भारतीय थे जिन्होंने 1857 में इंगलैंड में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने भारतीय रेलवे में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां उन्होंने कई रेलवे परियोजनाओं का निर्माण किया। उनका सबसे उल्लेखनीय कार्य था 'बॉम्बे टू ठाणे रेलवे' का निर्माण, जो भारतीय रेलवे के विकास में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

कुर्सेत्जी ने न केवल औद्योगिक क्षेत्र में योगदान दिया, बल्कि समाज सेवा में भी अपनी भागीदारी दिखाई। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए कई संस्थानों की स्थापना की और शिक्षा के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने जीवन में विशेष रूप से गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए कई परियोजनाएं शुरू कीं।

अर्दसीर कुर्सेत्जी का निधन 16 नवंबर 1877 को हुआ। उनके योगदान और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों ने भारतीय उद्योग और समाज को एक नई दिशा दी। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है, और वे भारतीय इंजीनियरिंग और उद्योग के क्षेत्र में एक अद्वितीय स्थान रखते हैं।

कुर्सेत्जी के कार्यों को आज भी याद किया जाता है, और उनकी प्रेरणा से नई पीढ़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने भारतीय समाज को एक नई दृष्टि और ऊर्जा प्रदान की, जिससे न केवल उनके समय में बल्कि आज भी लोगों को लाभ हो रहा है। उनके योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। 27 मई 1969 को भारतीय डाक सेवा ने अग्रणी और नवप्रवर्तक के रूप में उनके योगदान को मान्यता देते हुए एक स्मारक टिकट जारी किया।

अर्दसीर कुर्सेत्जी का जीवन शिक्षण, उद्योग और समाज सेवा के एक अद्वितीय उदाहरण के रूप में प्रस्तुत होता है। उन्होंने भारतीय रेलवे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शिक्षा के क्षेत्र में कई संस्थान स्थापित किए। उनके विचार और कार्य आज भी प्रेरणा देते हैं और समाज के उत्थान में सहायक हैं।

6 अक्टूबर, 1948 को जन्मे गेरी एडम्स एक आयरिश राजनीतिज्ञ और सिन फेन के पूर्व अध्यक्ष हैं। उत्तरी आयरलैंड शांति प्रक्रिया में एक प्रमुख व्यक्ति, उन्होंने 1998 के गुड फ्राइडे समझौते में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एडम्स आयरिश राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के लिए अपनी वकालत के लिए जाने जाते हैं।

जीवन ऊर्जा | गेरी एडम्सः जन्म-6 अक्टूबर, 1948 | जन्म

# हर असफलता वापसी का अवसर है

6 अक्टूबर, 1948 को जन्मे गेरी एडम्स एक आयरिश राजनीतिज्ञ और सिन फेन के पूर्व अध्यक्ष हैं। उत्तरी आयरलैंड शांति प्रक्रिया में एक प्रमुख व्यक्ति, उन्होंने 1998 के गुड फ्राइडे समझौते में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एडम्स आयरिश राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के लिए अपनी वकालत के लिए जाने जाते हैं।

भविष्य को आकार देना हमारा काम है, और हमें इसे साहस और दृढ़ संकल्प के साथ करना चाहिए। हम अतीत को खुद को परिभाषित नहीं करने दे सकते; हमें इससे सीखना चाहिए और एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना चाहिए। हमारे पास सबसे बड़ी शक्ति हमारे विश्वास की शक्ति है। परिवर्तन आसान नहीं है, लेकिन अगर हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है तो यह आवश्यक है। हर महान उपलब्धि प्रयास करने के निर्णय से शुरू होती है। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए, हमें दृढ़ रहना चाहिए और एकजुट होना चाहिए। आशा एक शक्तिशाली प्रेरक है; यह पहाड़ों को हिला सकती है। हमारी ताकत हमारी एकता और न्याय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में निहित है। हम सभी दुनिया में बदलाव लाने में सक्षम हैं। बड़े सपने देखें,



कड़ी मेहनत करें और अपने लक्ष्यों को कभी न भूलें। सफलता असफलता की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि आगे बढ़ते रहने की दृढ़ता है। न्याय के लिए लड़ाई लंबी और कठिन है, लेकिन यह हर प्रयास के लायक है। हमें वह बदलाव बनना चाहिए जो हम अपने समुदायों में देखना चाहते हैं। खुद पर विश्वास हमारे सपनों को प्राप्त करने की दिशा में पहला कदम है। परिवर्तन के बारे में बात करना पर्याप्त नहीं है; हमें कार्रवाई करनी चाहिए। लचीलापन बाधाओं को दूर करने और सफलता प्राप्त करने की कुंजी है। संघर्ष के समय, याद रखें कि आपकी आवाज़ मायने रखती है। नेतृत्व दूसरों को बेहतर भविष्य में विश्वास करने के लिए प्रेरित करने के बारे में है। हर असफलता वापसी का अवसर है। एक साथ, हम समानता और सम्मान पर आधारित समाज बना सकते हैं। साहस डर की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि इसके बावजूद कार्य करने का दृढ़ संकल्प है। उन लोगों के लिए खड़े होना हमारा कर्तव्य है जो खुद के लिए खड़े नहीं हो सकते। सफलता का मार्ग कड़ी मेहनत और समर्पण से बना है। स्वतंत्रता की लड़ाई हम सभी के लिए संघर्ष है, और हमें हार नहीं माननी चाहिए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धर्म और अधर्म में बड़ा अंतर

धर्म-अधर्म के बीच संघर्ष में यदि आप न्यूट्रल हैं, तो आप अधर्म का साथ देते हैं, ऐसा भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है...! भीम ने जब गदा युद्ध के नियम तोड़ते हुए श्री कृष्ण दुर्योधन को कमर के नीचे मारा ये देख बलराम बीच में आए और भीम की हत्या करने की ठान ली ।

तब श्रीकृष्ण ने अपने भाई बलराम से कहा.. आपको कोई अधिकार नहीं है इस युद्ध में बोलने का क्योंकि आप निरपेक्ष रहना चाहते थे ताकि आपको न कौरवों का, न पांडवों का साथ देना पड़े । इसलिए आप चुपचाप तीर्थ यात्रा का बहाना करके निकल लिए ।

- भीम को दुर्योधन ने विष दिया तब आप न्यूट्रल रहे।
- पांडवो को लाक्षागृह में जलाने का प्रयास किया गया, तब आप न्यूट्रल रहे।
- द्यूत क्रीड़ा में छल किया गया तब आप न्यूट्रल रहे।
- द्रौपदी का वस्त्रहरण किया आप न्यूट्रल रहे।
- अभिमन्यु की सारे युद्ध नियम तोड़ कर हत्या की गयी, तब भी आप न्यूट्रल रहे ।



आपने न्यूट्रल रह कर, मौन रह कर, दुर्योधन के हर अधर्म का साथ ही दिया ! अब आपको कोई अधिकार नहीं है कि आप कुछ बोलें ।

क्योंकि धर्म-अधर्म के युद्ध में अगर आप न्यूट्रल रहते हैं तो आप भी अधर्म का साथ दे रहे हैं। आज हमारा ये देश 712 ई. से धर्म युद्ध लड़ रहा है और हर नागरिक इसमें एक सैनिक है! यदि मैं न्यूट्रल रह कर अधर्म को बढ़ावा देता हूँ तो मुझे भी अधिकार नहीं है शिकायत करने का कि देश में ऐसा वैसा बुरा क्यों हो रहा है, यदि मैं उस अधर्म का विरोध नहीं करता । अतः यह देश के हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि जो राष्ट्रहित में जो है उसका साथ दे ।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# मन के हारे हार

एक शहर में राहुल नाम का एक लड़का रहता था जो जीवन में हार मान चुका था। वह जिंदगी में जो कुछ भी करता था, उसको अपनी हार पहले ही नजर आ जाती थी। स्कूल में अध्यापक और अन्य विद्यार्थी भी उसकी मजाक उड़ाते थे। वह अंधेरे कमरे में अक्सर रोता रहता था। एक दिन उसकी सिसकियां सुनकर एक अंधा आदमी उसके पास आया और पूछा, 'तुम क्यों रो रहे हो'। राहुल ने उस आदमी को सारी बात बताई। यह सुनकर वह आदमी जोर से हंसा और बोला, तुम्हें पता है, 'जब मैं पैदा हुआ और लोगों ने देखा कि इस बच्चे की तो आंखें ही नहीं है, तो उन्होंने मेरे माता-पिता को मुझे मार देने की सलाह दी'। लेकिन मेरे माता-पिता ने उन लोगों की सलाह नहीं मानी। उन्होंने मुझे एक विशेष स्कूल में भेजा और मुझे पढ़ाया-लिखाया। जब मैं कॉलेज में एडमिशन लेने गया तो कॉलेज प्रशासन ने मेरा एडमिशन करने से मना कर दिया। फिर मैंने विदेशी विश्वविद्यालय का फॉर्म भरा और एमआईटी की स्कॉलरशिप पर ग्रैजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएशन की डिग्री ली। लेकिन जब मैं वापस आया तो फिर मुझे महसूस हुआ कि नेत्रहीन होने के कारण मुझे कोई नौकरी नहीं देना चाहता। फिर मैंने अपनी कंपनी शुरू की। इसलिए नहीं कि मेरे पास बहुत पैसा था या मेरे पास कोई अनोखा आईडिया था। मैंने कंपनी इसलिए शुरू की क्योंकि मेरे पास और कोई चारा ही नहीं था। लेकिन आज मुझे खुशी है कि आज मैं अपनी कंपनी के जरिए मेरे जैसे 5000 लोगों को नौकरी दे पाया हूं। आदमी की बात को सुनकर राहुल ने पूछा आप की कहानी से मेरा क्या वास्ता?

वह आदमी बोला, जैसे आज लोग तुम्हारी हंसी उड़ाते हैं, वैसे ही जिंदगी भर लोगों ने मेरी भी निंदा की, मेरा भी मजाक उड़ाया। लेकिन मैंने खुद को कभी कमजोर नहीं समझा। जब दुनिया मुझे नीची नजरों से देखती थी और यह कहती थी कि तुम जिंदगी में कुछ नहीं कर सकते। तब मैं उनकी आंखों में आंखें डाल कर बोलता था कि मैं कुछ भी कर सकता हूं। जैसे मैंने इतना सब कुछ किया वैसे ही तुम भी बहुत कुछ कर सकते हो। इसलिए हिम्मत मत हारो। दुनिया क्या कहती है, इस बात की परवाह मत करो।

कहानी का सार : दुनिया आपको कैसे देखती है यह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन आप खुद को कैसे देखते हैं, यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# AI का जादुई संसार

नीलम रामअवध

## अनदेखा साथी जो परोसे ज्ञान की थाली

क्या आपने कभी सोचा है कि आपका स्मार्टफोन कैसे आपकी हर जरूरत को पहचान लेता है, या फिर नेटफ्लिक्स आपके मूड के हिसाब से शो सजेस्ट कैसे करता है? ये सब कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (**AI**) का जादू है! **AI** हमारे जीवन में इतनी गहराई से जुड़ चुका है कि हम हर दिन इसके बिना एक कदम भी नहीं बढ़ाते। चाहे वह सुबह का अलार्म हो, सोशल मीडिया पर स्क्रॉलिंग, या फिर घर लौटने पर स्मार्ट लाइट्स का खुद ब खुद जलना—**AI** चुपचाप हमारी जिंदगी को आसान और मजेदार बना रहा है। चलिए, एक रोमांचक सफर पर चलते हैं और जानते हैं कि कैसे **AI** हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति ला रहा है!




### चलिए, देखते हैं कि यह तकनीकी जादू हमारे जीवन में कैसे घुल-मिल गया है।

### स्मार्टफोन: आपकी जेब में बैठा AI जीनियस!



सोचिए, आप सुबह उठते हैं और सबसे पहले स्मार्टफोन चेक करते हैं। जैसे ही आप 'सिरी' से सवाल करते हैं या 'गूगल असिस्टेंट' से कुछ पूछते हैं, AI तुरंत जवाब लेकर हाज़िर हो जाता है। यह कोई तुक्का नहीं है, बल्कि आपके सवालों को समझने और तुरंत उनका हल निकालने की क्षमता AI की वजह से है। और तो और, स्मार्टफोन के कैमरे भी अब स्मार्ट हो गए हैं। AI आपके फोटोज़ को बेहतर बनाने के लिए खुद ही सीन, लाइट और रंगों का विश्लेषण करता है, जिससे हर क्लिक परफेक्ट बनता है!

### स्वास्थ्य सेवाएं: डॉक्टर AI की डायग्रोसिस



अब जरा कल्पना कीजिए कि आप बीमार हैं और डॉक्टर AI मशीन पर आपकी रिपोर्ट देख रहा है। AI अब केवल रोबोटिक मशीन नहीं रहा; यह आपके स्वास्थ्य की हर जानकारी को सटीकता से समझता है। MRI स्कैन से लेकर ब्लड टेस्ट तक, AI न केवल बीमारियों की पहचान में मदद करता है, बल्कि यह डॉक्टरों को सुझाव भी देता है कि इलाज कैसे किया जाए। यानी AI अब डॉक्टरों का सहायक बनकर आपकी ज़िंदगी बचाने में भी मददगार साबित हो रहा है।

### स्मार्ट होम्स: घर का नया AI बॉस





कल्पना कीजिए, आप ऑफिस से घर लौटते हैं, और आपके पहुंचते ही घर की लाइट्स अपने आप ऑन हो जाती हैं, आपका पसंदीदा म्यूजिक प्ले होने लगता है और एसी आपकी पसंदीदा तापमान पर सेट हो जाता है। यह कोई जादू नहीं, बल्कि AI द्वारा संचालित स्मार्ट होम सिस्टम का कमाल है। AI अब आपके घर के हर कोने में पहुंच चुका है। स्मार्ट स्पीकर्स से लेकर, रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर तक, हर चीज़ अब आपके इशारों पर नाच रही है। क्या कभी सोचा था कि टेक्नोलॉजी इतनी कूल भी हो सकती है?

### व्यापार और बैंकिंग: AI से सुरक्षित और स्मार्ट निवेश

आपके बैंकिंग अनुभव को भी AI ने पूरी तरह बदल दिया है। जब आप ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करते हैं, तो AI फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम्स यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो। और तो और, बैंकिंग चैटबॉट्स 24/7 आपकी हर समस्या का समाधान देने के लिए तैयार रहते हैं। अब आपको बैंक की लंबी कतारों में खड़े होने की जरूरत नहीं!

### ऑटोमोबाइल्स: खुद चलने वाली कारें




अब आते हैं ट्रांसपोर्ट पर! सेल्फ-ड्राइविंग कारों का नाम तो सुना ही होगा? जी हां, ये कारें AI से चलती हैं, जो सड़कों की स्थिति, ट्रैफिक और पैदल यात्रियों का विश्लेषण करके खुद-ब-खुद ड्राइव करती हैं। यह ना केवल आपके सफर को आसान बना रहा है, बल्कि AI ट्रैफिक की समस्या को भी हल करने में मदद कर रहा है। और कौन जानता है, भविष्य में आप ऐसे शहरों में रहेंगे, जहां कारों को ड्राइव करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी!

### शिक्षा: AI गुरु का नया रुप




स्कूल जाना हो या ऑनलाइन क्लास लेना, AI ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी धाक जमा दी है। बायजूस, कौरसेरा जैसी प्लेटफार्म्स AI का इस्तेमाल कर आपको वह विषय सिखाते हैं, जिसमें आप कमज़ोर होते हैं। इतना ही नहीं, AI से चलने वाले वर्चुअल असिस्टेंट्स आपके हर सवाल का जवाब फौरन देते हैं। यह एक ऐसा गुरु है जो कभी थकता नहीं, कभी सोता नहीं, बस आपकी हर परेशानी का हल निकालने के लिए तैयार रहता है।

### सोशल मीडिया: आपकी रुचि का सही अंदाज़ा लगाने वाला AI

आपने कभी गौर किया है कि जब आप फेसबुक, इंस्टाग्राम या यूट्यूब पर कोई वीडियो देखते हैं, तो उसी तरह के और वीडियो आपको तुरंत सुझा दिए जाते हैं? ऐसा लगता है जैसे ये एप्लिकेशन आपकी सोच पढ़ रही हों। हकीकत में ये AI का कमाल है! AI आपकी पसंद-नापसंद, आपकी सर्च हिस्ट्री, यहां तक कि आपके मूड को भी समझकर उसी हिसाब से आपको कंटेंट दिखाता है। यह तकनीक इतनी एडवांस है कि जब आप सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं, तो हर पोस्ट आपके ध्यान को खींचने की पूरी कोशिश करती है। यह तकनीक एक तरह से आपका श्डिजिटल दोस्तश बन चुकी है, जो जानता है कि आपको कब क्या दिखाना है।

### मनोरंजन: आपकी पसंदीदा मूवी का साथी

क्या आपने कभी सोचा है कि नेटफ्लिक्स, यूट्यूब या स्पॉटिफाई कैसे आपकी मूड के हिसाब से म्यूजिक और मूवी सजेस्ट करता है? AI आपकी पसंद और व्यवहार का एनालिसिस करता है और आपको वही कंटेंट सजेस्ट करता है जो आपको पसंद आए। यानी अब आपको मनोरंजन के लिए घंटों तक सर्च करने की जरूरत नहीं, AI आपकी पसंद पहले ही जान चुका है!

## AI: भविष्य की दुनिया

AI के जादू से भरी यह दुनिया हर दिन और भी दिलचस्प होती जा रही है। आने वाले समय में AI का दायरा और भी बढ़ेगा, जहां घर, स्कूल, ऑफिस, अस्पताल हर जगह AI का दबदबा होगा। AI हमारी जिंदगी के हर पहलू को समझकर और बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहा है। हालांकि इसके साथ ही AI के नैतिक पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है, जैसे प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा। यह तो बस शुरुआत है, AI की दुनिया में आपको और भी कई मजेदार और चौंकाने वाले अनुभव देखने को मिलेंगे। एक ऐसी दुनिया, जहां इंसानों और मशीनों की साझेदारी हमारे रोज़मर्रा के जीवन को और अधिक सहज और रोमांचक बना रही है। तैयार हो जाइए, इस तकनीकी जादू को और करीब से महसूस करने के लिए!

# सपनों का हिलस्टेशन है 'पंचमढ़ी'



पंचमढ़ी, मध्य प्रदेश का एक सुरम्य हिल स्टेशन, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल अपनी खूबसूरत पहाड़ियों, घने जंगलों, और मनमोहक झरनों के लिए जाना जाता है। यहां की ठंडी जलवायु और हरियाली पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पंचमढ़ी न केवल एक आदर्श पर्यटन स्थल है, बल्कि यहां कई ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल भी हैं। अगर आप अपने जीवन में कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं या फिर प्रकृति की गोद में खुद को ढूंढना चाहते हैं, तो पंचमढ़ी आपके लिए एक बेहतरीन जगह है।



### धूपगढ़

धूपगढ़ पंचमढ़ी की सबसे ऊंची चोटी है और यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यह जगह बेहद खूबसूरत है और यहां से चारों ओर का नजारा देखने में बहुत आनंद आता है। यदि आप ट्रैकिंग के शौकीन हैं, तो धूपगढ़ आपके लिए एक बेहतरीन स्थान है।

### राजा भोज का किला

यह किला ऐतिहासिक महत्व रखता है और इसे राजा भोज के नाम से जाना जाता है। यह किला पहाड़ी पर स्थित है और यहां से पूरे पंचमढ़ी का दृश्य देखा जा सकता है। इस किले की संरचना और उसकी भव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। यहां आकर आप इतिहास के कुछ अंशों को जान सकते हैं।

### आमगंज झरना

आमगंज झरना पंचमढ़ी का एक और अद्भुत स्थल है। यहां पर पानी गिरते हुए देखना एक अद्भुत अनुभव है। गर्मियों में जब तापमान बढ़ता है, तो यह झरना और भी अधिक आकर्षक हो जाता है। यहां पर आप पिकनिक भी मना सकते हैं और प्रकृति की गोद में सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

### महादेव की गुफाएं

महादेव की गुफाएं धार्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण हैं। यहां पर भगवान शिव की पूजा की जाती है। गुफाएं बेहद आकर्षक हैं और इनके अंदर की रचनाएं अद्भुत हैं। यहां आकर आप ध्यान कर सकते हैं और एक अलग आध्यात्मिक अनुभव ले सकते हैं।

### बुंदेलखंड झरना

यह झरना पंचमढ़ी के अन्य झरनों की तरह ही खूबसूरत है। यहां का शांत वातावरण और पानी की आवाज़ आपको सुकून देगा। झरने के पास बैठकर आप प्रकृति का आनंद ले सकते हैं। यह स्थान एकदम प्राकृतिक है और यहां का दृश्य मनमोहक है।

### चौरागढ़

चौरागढ़ एक प्रमुख धार्मिक स्थल है जहां पर हर साल बहुत से भक्त आते हैं। यहां एक मंदिर है जो भगवान शिव को समर्पित है। यहां पहुंचने के लिए आपको थोड़ी ट्रैकिंग करनी पड़ेगी, लेकिन रास्ता बेहद खूबसूरत है। यहां का वातावरण भक्तिमय है और यहां की शांति आपको आत्मिक सुकून देगी।

### पचमढ़ी के जंगल

पंचमढ़ी के आस-पास के जंगल अद्भुत हैं। यहां पर आप ट्रैकिंग और हाइकिंग का आनंद ले सकते हैं। जंगल में कई तरह के पेड़-पौधे और जीव-जंतु पाए जाते हैं। जंगल में घूमते समय आप प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं और ताजगी महसूस कर सकते हैं।

### गायत्री देवी का मंदिर

यह मंदिर बेहद पवित्र है और यहां पर भक्तों की संख्या हमेशा रहती है। यहां की शांतिपूर्ण वातावरण और सुंदरता आपको आकर्षित करेगी। इस मंदिर में आकर आप अपनी सभी चिंताओं को भुला सकते हैं और ध्यान में खो सकते हैं।

### पंडव गुफाएं

ये गुफाएं ऐतिहासिक महत्व रखती हैं और मान्यता है कि पांडव यहां रहे थे। गुफाओं की संरचना और उनके भीतर की चित्रकारी आपको प्राचीन इतिहास की याद दिलाएगी। यहां की शांति और अद्भुतता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी।

### राधिका झरना

यह झरना अपनी खूबसूरती और पानी की गिरने की आवाज़ के लिए मशहूर है। यहां आप पिकनिक मना सकते हैं और परिवार या दोस्तों के साथ आनंद ले सकते हैं। इस जगह का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है।

### कचहरी गुफाएं

ये गुफाएं प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व का अद्भुत मिश्रण हैं। यहां की दीवारों पर अद्भुत चित्रण देखने को मिलते हैं, जो दर्शाते हैं कि यहां प्राचीन काल में कैसे जीवन व्यतीत किया जाता था।

### गोल्डन गार्डन

यह स्थान विशेष रूप से पर्यटकों के लिए सजाया गया है। यहां पर सुंदर फूल, बाग-बगिचे और बैठने की जगहें हैं। यह परिवार के साथ घूमने और समय बिताने के लिए एक बेहतरीन जगह है।

### पंचमढ़ी झील

यह झील अपने सुंदर दृश्य और शांत वातावरण के लिए जानी जाती है।

# पेसरत्तू को बनाएं डायट का हिस्सा

पेसरत्तू, दक्षिण भारतीय व्यंजनों में से एक है, जो खासकर आंध्र प्रदेश में लोकप्रिय है। यह मूंग दाल और चावल से बना एक स्वस्थ और स्वादिष्ट डिश है। पेसरत्तू को नाश्ते या लंच में परोसा जा सकता है और इसे चटनी या दही के साथ आनंद लिया जाता है। इसकी कुरकुरी सतह और हल्का मसालेदार स्वाद इसे हर उम्र के लोगों के बीच पसंदीदा बनाते हैं। यह न केवल पौष्टिक है, बल्कि बनाने में भी सरल है।

### सामग्री:

- 1 कप मूंग दाल (हरी मूंग)
- 1/4कप चावल
- 1-2 हरी मिर्च (स्वादानुसार)
- 1 इंच अदरक का टुकड़ा
- 1/2चम्मच जीरा
- 1/2चम्मच नमक (स्वादानुसार)
- 2 चम्मच तेल (तलने के लिए)
- 1/4कप कटा हुआ हरा धनिया (वैकल्पिक)
- 1/4कप प्याज (कटा हुआ, वैकल्पिक)

### बनाने की विधि:



**1. मूंग दाल को भिगोना:**
सबसे पहले, मूंग दाल और चावल को अच्छी तरह से धोकर 4-5 घंटे या रातभर भिगो दें। यह दाल को नरम और पेसरत्तू बनाने में मदद करेगा।

**2. पेस्ट बनाना:**
भिगोई हुई मूंग दाल और चावल को एक ब्लेंडर में डालें। इसमें हरी मिर्च, अदरक और जीरा डालें। आवश्यकतानुसार थोड़ा पानी डालकर एक smooth पेस्ट बनाएं। पेस्ट को एक बर्तन में निकालें और उसमें नमक, कटा हुआ हरा धनिया और प्याज मिलाएं। अच्छे से मिक्स करें।

**3. तवा गरम करना:**
अब एक तवा या नॉन-स्टिक पैन को मध्यम आंच पर गरम करें।

**4. पेसरत्तू बनाना:**
गरम तवे पर 1-2 चम्मच तेल डालें। फिर 1 कप पेसरत्तू बैटर को तवे पर डालें और उसे गोल आकार में फैलाएं। उसे हल्का सुनहरा होने तक दोनों तरफ से सेंकें। जब पेसरत्तू सुनहरा और कुरकुरा हो जाए, तब इसे तवे से उतारें।

**5. परोसने की विधि:**
पेसरत्तू को गरमा-गरम चटनी या दही के साथ परोसें। यह नाश्ते या लंच के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। आप इसमें कुछ सब्जियां भी डाल सकते हैं, जैसे गाजर या शिमला मिर्च, ताकि इसका स्वाद और बढ़ जाए।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**वृष** — आज पार्टी-पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा।

**मिथुन** — व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कर्क** — परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। भूले-बिसरे साथी तथा मेहमानों के स्वागत-सम्मान पर धन का व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

**सिंह** — घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कन्या** — यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला** — आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

**वृश्चिक** — बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**धनु** — नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**मकर** — किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कुंभ** — हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे।

**मीन** — आज व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि होगी। आरोग्य अच्छा रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होगी। नौकरी में लाभ की स्थिति बनेगी।

# जन्म कुंडली के 12 भाव में राहू का गोचर फल

भाग 2




**अष्टम भाव:** अष्टम भाव पर राहु का गोचर अशुभ फल करता है। जातक को उसकी पत्नी, बच्चों सहित खतरा, खुद के अपमान का सामना नीच एवं दुष्ट लोगों की संगत, व्यापार तथा संपत्ति में असफलता से आर्थिक हानि, विषैले जीवों द्वारा काटे जाने का खतरा होता है।

**नवम भाव :** नवम भाव पर राहु का गोचर अशुभ फल ही देता है। भाई-बहनों से संबंधों में कटुता आती है। मानसिक चिंताएं धर्म और परंपरा से हट जाना, पिता से अनबन, त्रिकोण भाव में है इसलिए सिर्फ विदेश यात्रा से लाभ होता है। तंत्र साधना की ओर भी जा सकता है।

**दशम भाव :** दशम भाव पर राहु का गोचर गिश्रित फल देता है। राजनीति में सफलता, प्रतिष्ठा मिलती है लेकिन बुरी आदतें अपना सकता है। चालाकी, घबराहट एवं अनिर्णय की स्थिति के कारण खुद का नुकसान कर सकता है।



प्रियंका जैन
9769994439

**एकादश भाव :** एकादश भाव पर राहु का गोचर शुभ होता है। कई स्रोतों से आय प्राप्त होती है। मित्रों से लाभ, पड़ोसियों से लाभ होता है। विदेश व्यापार से लाभ, चल-अचल संपत्ति प्राप्त करना, सोने-चांदी जैसे बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होना जैसे शुभ फल मिलते हैं।

**द्वादश भाव :** द्वादश भाव पर राहु का गोचर अशुभ फल देता है। प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। स्थान परिवर्तन, रक्त संबंधित रोग, शत्रुओं से खतरा, आर्थिक हानि टाग टूटना, प्रत्येक कार्य में असफलता जैसे दुष्परिणाम मिल सकते हैं।

उपाय : राहु को ठीक करने और राहु के दुष्परिणामों से बचने के लिए निम्न उपाय करने चाहिए-

1. काले कुत्ते को मीठी रोटी खिलाएं।
2. सरसों का तेल व काले तिल का दान दें।
3. रात को सोते समय अपने सिरहाने जौ रखें जिसे सुबह पक्षियों को डाल दें।
4. गणेश भगवान की आराधना करें और शनिवार का व्रत करें।
5. पीपल के वृक्ष की पूजा करें।
6. राहु स्तोत्र पढ़ें।
7. ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौ स राहवे नमः का जाप करें।

## खबर संक्षेप

### भूमि सर्वे में मुसीबत बन रहा धीमा इंटरनेट

**पटना।** बिहार में इन दिनों भूमि सर्वे का काम तेजी से हो रहा है। लेकिन सूबे में इंटरनेट की धीमी गति इस काम में मुसीबत बन रहा है। ऐसा ही एक मामला कैमूर जिले के भभुआ अंचल से सामने आया है। यहां कार्यालय में इंटरनेट गति बिल्कुल धीमी है, जिससे आवश्यक कार्यों के लिए अंचल कार्यालय पहुंच रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि, यह स्थिति एक महीने से लगातार बनी है।
जमीन के म्यूटेशन, जमीन की ऑनलाइन इंट्री, जमाबंदी, आय, आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने भभुआ अंचल कार्यालय आ रहे हैं, लेकिन लोगों को निराशा का ही सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बिहार सरकार द्वारा कराये जा रहे भूमि सर्वेक्षण कार्य पर भी इसका बहुत बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आये हुए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अश्लील वीडियो बना आर्केस्ट्रा में नाचने वाले की हत्या का कारण

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में बुधवार को एक युवक की हत्या कर दी गई थी। जिस युवक की हत्या की गई थी वह आर्केस्ट्रा में लौंडा नाच करता था। घटना के 48 घंटे के भीतर ही पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए डिंपल के करीबी दोस्त प्रिंस समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतक सिंघौल निवासी नरेश पासवान के 27 वर्षीय पुत्र राजेश उर्फ डिंपल था। यह वारदात बलिया के सालेहचक पंचायत अंतर्गत हुसैना के नकता बहियार की है। डीएसपी नेहा कुमारी ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि राजेश उर्फ डिंपल लड़कियों की वेश-भूषा में आर्केस्ट्रा में नाचने-गाने का काम करता था। साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के तरबन्ना निवासी रामविलास सिंह के पुत्र प्रिंस उर्फ प्रभाकर से उसकी काफी गहरी दोस्ती थी। यह दोनों पिछले कुछ दिनों से बेगूसराय के मिलन चौक के पास कमरा लेकर एक साथ रहते थे, इसी बीच डिंपल ने प्रिंस का अश्लील वीडियो बना लिया था। अश्लील वीडियो के माध्यम से वह ब्लैकमेलिंग कर रहा था। ब्लैकमेलिंग से तंग आकर प्रिंस ने अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ मिलकर डिंपल की हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार 1 अक्टूबर को प्रिंस डिंपल के घर पहुंच जाता है। साटा में चलने की बात कहकर उसे बाइक पर बैठा लेता है। वह उसे हुसैनीचक ढाला के पास ले गया। यहां पर अन्य दोस्तों की मदद से नकता बहियार ले जाकर तेज धारदार हथियार से प्रिंस ने डिंपल की गला रेतकर हत्या कर दी।

# बिहार की बेटी आकांक्षा बरनवाल ने अमेरिका में रचा इतिहास

एजेंसी | नवादा

बिहार के नवादा जिले की आकांक्षा बरनवाल नासा के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने मद्रास आइआइटी (Madras IIT) से इंजीनियरिंग करने के बाद 2017 में अमेरिका के टेक्सास के एक इंस्टीट्यूट में लंबे समय तक रिसर्च किया। आकांक्षा फरवरी 2022 से अमेरिका के ही सांडिया नेशनल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में हाइड्रोजन-एयर प्लेनर विस्फोट पर गैर-थर्मल टर्मोमोलेक्यूलर प्रतिक्रिया के प्रभाव पर रिसर्च कर रही हैं। हाल में ही एइएए साइटेक फोरम में आकांक्षा के साइंस रिसर्च को प्रकाशित किया गया है।



### नवादा में रहकर आइआइटी प्रवेश परीक्षा को किया क्रैक

आकांक्षा बरनवाल के पिता सुनील कुमार ने बताया कि उनकी बेटी ने यहीं स्थानीय स्कूल से 12वीं तक की पढ़ाई की है। नवादा में रहकर पढ़ाई करते हुए ही आइआइटी की तैयारी की और प्रवेश परीक्षा को क्रैक किया। आइआइटी मद्रास से आकांक्षा ने एयरोस्पेस ब्रांच से मास्टर की डिग्री प्राप्त की और आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका गयीं। आकांक्षा बरनवाल ने बताया कि एयरस्पेस के क्षेत्र में लगातार नये रिसर्च की आवश्यकता होती है। वह एयरक्राफ्ट की स्पीड पर काम कर रही हैं। रिसर्च के लिए जो टॉपिक चुना है, इसमें यदि सफलता मिलती है तो वर्तमान में जो स्पीड है, उसमें और अधिक इजाफा करने में मदद मिलेगी।

### पापा और परिवार के सपनों को पूरा कर रही आकांक्षा

आकांक्षा ने कहा कि परिवार का पूरा सपोर्ट उसके साथ है। पापा और परिवार के लोगों के सपने को वह पूरा कर रही हैं। कल्पना चावला से प्रेरित होकर एयरोस्पेस साइंस को चुना था। परिवार में एजुकेशनल माहौल बनाने में पापा ने काफी मदद की। उनकी प्रेरणा हम लोगों के लिए ताकत है। आकांक्षा के दादा अर्जुन बरनवाल भी मगध विश्वविद्यालय के बड़े स्कॉलर थे। उनकी प्रेरणा और घर के शैक्षणिक माहौल ने आकांक्षा को आगे बढ़ने में मदद की। आकांक्षा बरनवाल की सफलता पर पूरे परिवार में खुशी है। आकांक्षा के पिता सुनील कुमार, मां रीना देवी, भाई यूनियन बैंक में असिस्टेंट मैनेजर अंकित प्रकाश की खुशी देखते ही बन रही है।

# देवबंद में एनआईए और एटीएस की छापेमारी




**देवबंद।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने शनिवार सुबह सहारनपुर देवबंद में छापेमारी की। इस दौरान बिहार के रहने वाले एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया।
देवबंद में हुई इस छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक एनआईए की टीम ने विदेशी फंडिंग के मामले में युवक को हिरासत में लिया है। जिसे वह अपने साथ पूछताछ के लिए दिल्ली गई है। शनिवार सुबह एनआईए की टीम ने नगर के मोहल्ला खानकाह स्थित बड़ा दरवाजा से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। वह बिहार के जिला कटिहार का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक पकड़ा गया युवक साल 2008 में जिले के एक मदरसे में तालीम हासिल कर चुका है और वर्तमान में एक कुतुबुखाना (पुस्तकों की दुकान) में काम कर रहा था। युवक को विदेशी फंडिंग के मामले में टीम ने हिरासत में लिया है। संदिग्ध के साथ ही टीम उसकी पत्नी को भी साथ लेकर देवबंद स्थित एटीएस सेंटर लेकर गई थी। लेकिन पूछताछ के बाद पत्नी को छोड़ टीम युवक को अपने साथ दिल्ली ले गई।

# दबंगों ने तोड़ी बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा

### ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा

एजेंसी | लखनऊ

यूपी के लखनऊ के काकोरी में शनिवार सुबह अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने पर हंगामा हो गया। ग्रामीणों ने मूर्ति तोड़ने वालों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उधर, सूचना मिलने पर पहुंची काकोरी पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुए प्रतिमा को सही कराने की बात कही।



### गिरफ्तारी की मांग

भलियाखेड़ा गांव में अंबेडकर पार्क है। जहां भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा लगी है। शनिवार सुबह ग्रामीण पार्क पहुंचे। जहां प्रतिमा टूटी मिली। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पार्क में आ गए और प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। हंगामे की सूचना पर काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद टीम के साथ पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया गया। वहीं, ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। इस परिस्थिति में मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक प्रतिमा तोड़ने वालों की तलाश की जा रही है।

# तालाब के कटान से चौरा माता मंदिर का चबूतरा गिरा



**जफराबाद।** स्थानीय नगर पंचायत के चक महमूद मोहल्ले में स्थित चौरा माता मंदिर का चबुतरा मछली पालन के लिए खोदे गए तलाब कटान के चलते गिर गया। जिसको लेकर आक्रोशित लोगों ने शनिवार को प्रदर्शन करते हुए तालाब खोदवाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। लोगो ने तालाब खोदवाने वाले अजहर उर्फ रिंकू के ऊपर आरोप लगाया कि वह चबूतरे से सटाकर तालाब की खुदाई करवाए है। जिसके कारण माँ चौरा का चबुतरा बरसात से तालाब में हुए मिट्टी के कटान से गिर रहा है। कई बार चबूतरे के हिस्से के गिरने की जानकारी दी गयी। आरोप है कि कहने के बाद भी तालाब खोदवाने वाला नहीं सुन रहा है। दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुष क्रोधित होकर मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव व चौकी प्रभारी मनोज राय भी मयफोर्स पहुंच गए।

# संचालित हो रहे 22 हजार पंजीकृत ट्रैक्टर



**जौनपुर।** जिले में 21 हजार 942 ट्रैक्टर इस समय कृषि के काम से लेकर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में हो रहे है। परिवहन विभाग ने सभी ट्रैक्टरों का पंजीयन कृषि में किया है। अब मालिक उसे किस उपयोग में ले रहा है परिवहन विभाग का इस पर जोर नहीं है। परिवहन से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर का पंजीयन वह करते है। बाकी ट्राली का पंजीयन करने के लिए यहां पर व्यवस्था ही नहीं है। यही वजह है कि कृषि में पंजीकृत ट्रैक्टर के मालिक ट्राली का उपयोग बिना पंजीयन के ही करते है। जौनपुर। जिले में कृषि कार्य के अलावा सड़क पर चलने वाले ट्रैक्टरों को लेकर हर रोज अभियान चलता है।

# एक्सप्रेस-वे और हाइवे पर दौड़ते ट्रैक्टर-ट्राली बने हादसों का सबब

**जौनपुर।** एक्सप्रेस-वे और हाइवे पर दौड़ते ट्रैक्टर ट्राली लगातार हादसों का कारण बन रहे है। इसके बाद भी पुलिस व परिवहन विभाग इस पर नियंत्रण पाने में नाकाम है। हिन्दुस्तान ने शुक्रवार को पड़ताल की तो एक्सप्रेस-वे और हाइवे पर दर्जनों ट्रैक्टर दौड़ते हुए नजर आए। किसी पर ईट लदी थी तो किसी पर ओवरलोड आलू। बिना नम्बर के चल रहे ट्रैक्टरों पर न तो लाइट ही ठीक से जल रही थी और न रिफलेक्टर्स ही लगा था। कृषि कार्य से अधिक उपयोग ट्रैक्टरों का शहर में लोगों के बन रहे मकान के लिए मिट्टी ढ़ोने, भट्ठा से ईट पहुंचाने, सीमेन्ट, बालू व बास बल्ली पहुंचाने में हो रहा है। सूत्रों की माने तो अधिकांश चालकों के पास लाइसेंस




ही नहीं है। ईइटभट्ठा पर ईट ढ़ोने वाले रांची व झारखंड के लेबरों को भट्ठा मालिक ट्रैक्टर चालक बनाकर ईट ढुलवाने का काम करते है। दिन में करीब तीन बजे जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर गौराबादशाहपुर के जिवली से एक ट्रैक्टर गुजरता हुआ दिखायी दिया। आगे व पीछे नम्बर नहीं था। ट्रैक्टर की गति इतनी तेज थी अगर चालक ब्रेक मारता तो ट्रैक्टर पांच सौ मीटर आगे जाकर रुकता। ट्राली में आधा दर्जन से अधिक लोग बैठे थे। साढ़े तीन बजे जलालपुर चौराहे के पास हाई-वे पर ढ़लाई वाले मशीन को ट्राली में जोड़कर चालक जा रहा था। उसके वाहन में हार्न भी नहीं था। इंजन को रेस कर वह आगे वाले को इंगित कर रहा था कि उसको पास चाहिए। कुछ देर बाद ही आलू के सैकड़ो बोझ आलू लादकर चालक जा रहा था। माल की ऊंचाई इतनी अधिक थी कि चालक को पीछे का कुछ भी दिखायी नहीं दे रहा था। शाम ढ़लते समय जलालपुर में शुक्रवार को एक ऐसा ट्रैक्टर दिखायी दिया कि जिस पर ईट भट्ठा के लेबर बैठे थे।

### जून 2024 में हुआ था यह हादसा

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बछुआर के पास एनएच 731 पर रांग साइड से आया एक ट्रैक्टर सीधे चार पहिया सवारी वाहन से टकरा गया। चार पहिया वाहन में बैठे लोगों में दो की मौत हो गयी थी। 6 लोग घायल हुए थे। जांच में पाया गया था कि ट्रैक्टर चालक रांग साइड से आया जिसके कारण यह हादसा हुआ। खेतासराय-दीदारगंज मार्ग पर जमदहां गांव के पास वर्ष 2022 में छह मार्च की शाम ढलाई मशीन के साथ ट्रैक्टर पलटने चार लोगों की मौत हुई थी। मरने वालों में ट्रैक्टर पर बैठे तीन मजदूर और ट्रैक्टर की चपेट में आया साइकिल सवार शामिल था। इसके अलावा खुटहन में भी एक ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गयी थी।




# पीएम मोदी ने किसान-सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की

### 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में ट्रांसफर किए 20 हजार करोड़ रुपए

एजेंसी | नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 5 अक्टूबर (शनिवार) को PM किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी कर दी है। इस बार PM मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम से 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त भेजी है। 18वीं किस्त के रूप में कुल 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। वहीं इस योजना के तहत महाराष्ट्र के 91.5 लाख किसानों को 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा का सीधा लाभ मिला है। इस योजना के तहत सरकार 2,000 रुपए की 3 किस्तों में किसानों को हर साल 6,000 रुपए देती है। पहली किस्त अप्रैल-जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त-नवंबर और तीसरी किस्त दिसंबर-मार्च के बीच जारी की जाती है। योजना के तहत सरकार अब तक 17 किस्तों में किसानों के खाते में 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेज चुकी है।



### 17वीं किस्त में 9.26 करोड़ किसानों को मिला था लाभ

प्रधानमंत्री ने 18 जून को PM किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की थी। तब 9 .26 करोड़ किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपए की किस्त भेजी गई थी। यानी टोटल 20 हजार करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। इस योजना की शुरुआत 2019 में किसानों को आर्थिक मदद देने के लिए की गई थी।

# अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से भी जीएसटी का भुगतान




**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पोर्टल पर लाइव होने के साथ ही अब बैंक के ग्राहक जीएसटी भुगतान करने में सक्षम हो गए हैं। इससे ग्राहकों को तुरंत भुगतान की पुष्टि और चालान डाउनलोड करने की सुविधा मिलेगी, जिससे ये अनुभव और सरल हो जाएगा। बैंक ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को जीएसटी पोर्टल के साथ अपने एकीकरण की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है, जिससे जीएसटी भुगतान करने में आसानी होगी। बयान के मुताबिक ग्राहकों को अब सहज, परेशानी मुक्त भुगतान अनुभव का लाभ मिलेगा, जिसमें तत्काल भुगतान पुष्टिकरण और डाउनलोड करने योग्य चालान तक आसान पहुंच होगी। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक यूपीआई और कार्ड भुगतान सहित अधिक भुगतान विकल्प पेश करने के लिए जीएसटी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

# नवरात्रि के तीसरे दिन भी महंगा हुआ सोना

### चांदी की कीमत में गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 28 सितंबर को सोना 75,640 रुपए पर था, जो अब ( 5 अक्टूबर) को 75,964 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 324 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को ये 91,448 रुपए पर थी, जो अब 92,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस हफ्ते इसकी कीमत 752 रुपए बढ़ी है। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,820 रुपए है।
**मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपए है।
**कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,200 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 77,670 रुपए है।
**चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 77,670 रुपए है।

# रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है। यह आदेश 9 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी होगा। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को 4 अक्टूबर को जारी सरकारी आदेश के हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की




नियुक्ति समिति (एसीसी) ने 9 अक्टूबर, 2024 से एक साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक राजेश्वर राव को फिर से आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्ति को अपनी मंजूरी दे दी है। राव को अक्टूबर, 2020 में तीन साल की अवधि के लिए रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया था। कोचीन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र स्नातक और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्राप्त राजेश्वर राव 1984 में रिजर्व बैंक में शामिल हुए थे।

# सितंबर में वेज थाली की कीमत 11% बढ़ी

### नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 2% सस्ती

**नई दिल्ली।** भारत में एक वेजिटेरियन थाली की कीमत सितंबर में (सालाना आधार पर) 11% बढ़कर 31.3 रुपए हो गई। पिछले साल सितंबर 2023 में वेज थाली की कीमत 28.1 रुपए थी। क्रिसिल ने जारी किए अपने फूड प्लेट कॉस्ट के मंथली इंडिकेटर में इस बात की जानकारी दी। क्रिसिल ने रिपोर्ट में बताया कि वेजिटेरियन थाली की कीमत में पिछले महीने अगस्त की तुलना में सितंबर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में वेज थाली की कीमत 31.2 रुपए थी।



### प्याज-आलू और टमाटर के भाव ने दाम बढ़ाए

### नॉन-वेज थाली सालाना आधार पर 2% सस्ती

वहीं नॉन-वेज थाली की कीमत सितंबर में सालाना आधार पर 2% गिरकर 59 .3 रुपए हो गई। पिछले साल सितंबर 2023 में नॉन वेज थाली की कीमत 60 .7 रुपए थी। मंथली बेसिस पर यानी अगस्त की तुलना में सितंबर में नॉन-वेज थाली की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। अगस्त में नॉन-वेज थाली की कीमत 59 .3 रुपए ही थी।

### प्याज, आलू और टमाटर के भाव ने वेज थाली के दाम बढ़ाए

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, सब्जियों के दाम बढ़ने के चलते वेज थाली कॉस्ट में बढ़ोतरी हुई है। वेज थाली कॉस्ट में सब्जियों की 37% हिस्सेदारी होती है। सालाना आधार पर प्याज (53%), आलू (50%), टमाटर (18%) और दाल (14%) की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण वेज थाली की कॉस्ट में ये बढ़त देखने को मिली है।

# युवा ब्रिगेड के पास छाप छोड़ने का मौका

- बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला आज
- रफ्तार के सौदागर मयंक की फॉर्म के साथ फिटनेस का भी इम्तिहान होगा

### नंबर गेम

- 5 साल से अजेय है भारत। उसे बांग्लादेश से पिछली हार नवंबर 2019 में दिल्ली में मिली थी
- 644 कुल मैच खेलने का अनुभव है बांग्लादेश के पास जबकि भारतीय टीम के पास 389 मैचों का




**एजेंसी । ग्वालियर**

भारतीय युवा खिलाड़ियों के पास अपनी छाप छोड़ने का यह बेहतर मौका होगा। सीनियर खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में सूर्यकुमार की युवा ब्रिगेड का रविवार शुरू होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में अनुभवी बांग्लादेश के खिलाफ कड़ा इम्तिहान होगा। इस सीरीज में अपनी तेज गेंदबाजी के कारण क्रिकेट जगत का ध्यान खींचने वाले मयंक यादव की फॉर्म और फिटनेस की परीक्षा होगी।

### बिना घरेलू मैच खेले टीम में मयंक को मिली जगह

मयंक ने इस साल के शुरू में आईपीएल के दौरान लगातार 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी करके लोगों का ध्यान खींचा था। पसलियों में खिंचाव के कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच से ही हटना पड़ा था। अमूमन किसी भी खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करनी पड़ती है। 22 वर्षीय मयंक को उनके विशेष कौशल के कारण भारतीय टीम में जगह दी गई है। अभी यह देखना होगा कि उन्होंने जिस सटीकता और नियंत्रण के साथ आईपीएल में गेंदबाजी की थी वह उसी की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गेंदबाजी कर सकते हैं या नहीं। दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और ऑलराउंडर नितीश कुमार को भी पदार्पण का मौका मिल सकता है।


### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 14 |
| भारत जीता : | 13 |
| बांग्लादेश जीता : | 01 |

### टीमें

- **भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।
- **बांग्लादेश :** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, लिटन दास, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

### चक्रवर्ती की वापसी




पराग को जुलाई के बाद भारत की तरफ से छह टी-20 मैच खेलने का मौका मिला है लेकिन वह इनमें आईपीएल जैसी फॉर्म नहीं दिखा पाए। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती भी सीरीज से तीन साल बाद फटाफट क्रिकेट में वापसी करेंगे। रवि बिश्नोई टीम में शामिल दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर हैं। जितेश ने जून में आईपीएल के बाद कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें अभी तक जिन नौ टी-20 मैच में खेलने का मौका मिला है उनमें वह अपना जलवा दिखाने में नाकाम रहे हैं। टीम बांग्लादेश के बाद अगले महीने दक्षिण अफ्रीका में चार टी-20 मैच खेलेगी।

### वापसी की कोशिश करेगा बांग्लादेश

बांग्लादेश अपने स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के बिना खेलेगी। शाकिब ने पिछले महीने टेस्ट और टी-20 से संन्यास लेने की घोषणा की थी। टेस्ट सीरीज में हार के बाद अब शंटो की टीम छोटे प्रारूप में वापसी करने की कोशिश करेगी। टीम में युवा और नए खिलाड़ी होंगे।

### अभिषेक-संजू कर सकते हैं पारी की शुरुआत

सूर्यकुमार और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टीम में शामिल दो बड़े नाम हैं। उनके अलावा टी-20 विश्व कप की विजेता टीम में शामिल रहे शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह को भी हैं। सीनियर खिलाड़ियों को विश्राम दिए जाने के कारण अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों के पास अपना कौशल दिखाने का यह बेहतरीन मौका है। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाया था। उनके साथ संजू सैमसन पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

हरमनप्रीत की टीम को टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आज होगी टक्कर

# पाक को पटकनी दे पटरी पर लौटना चाहेगा भारत

### नंबर गेम

- 5 मुकाबले विश्व कप में दोनों ने खेले हैं भारत ने तीन और पाक ने दो जीते हैं
- 8 साल से विश्व कप में पाक, भारत को हरा नहीं पाया है। पिछली बार 2016 में मात दी थी




**एजेंसी । दुबई**

भारतीय महिला टीम रविवार को जब पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में उतरेगी तो उसका लक्ष्य इस चिर प्रतिद्वंद्वी पर आठ साल से अपना दबदबा बनाए रखने के साथ ही पहली जीत दर्ज करना भी होगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में मिली हार को भुलाकर हरमनप्रीत कौर की टीम अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगी। इसके लिए भारत को टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा। बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे और गेंदबाजों को विकेट चटकाने होंगे। कीवियों के खिलाफ भारत ने तीनों विभागों में लचर प्रदर्शन किया। फिर वह चाहे गेंदबाजी हो, बल्लेबाजी हो या फिर क्षेत्ररक्षण। इसका खामियाजा उसे 58 रन की हार के साथ भुगतना पड़ा। भारत का नेट रन रेट भी अच्छा नहीं है। टीम को अगर सेमीफाइनल में पहुंचना है तो अब प्रत्येक मैच जीतना जरूरी होगा। जरा सी भी चूक उसकी आगे की राह मुश्किल कर सकती है।

### आज के मैच

भारत बनाम पाकिस्तान
> **दोपहर 3:30 बजे**

वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड
> **शाम 7:30 बजे**

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 15 |
| भारत जीता : | 12 |
| पाकिस्तान जीता : | 03 |

### हरमन खराब फॉर्म बढ़ा रही चिंता

कप्तान हरमनप्रीत को खुद मोर्चा संभालना होगा। उन्हें बल्ले से रन बनाकर साथियों को प्रेरित करना होगा। उनका सामना उस पाक टीम से होगा जिसने अपने शुरुआती मुकाबले में श्रीलंका को हराया है। इससे उसके हौसले काफी बुलंद होंगे। हरमन की खराब फॉर्म टीम की चिंता बढ़ा रही है। उनका यह अंतिम विश्व कप होगा और अगर ट्रॉफी जीतनी है तो रोहित की तरह आक्रामक खेल दिखाना होगा।

## स्टब्स के पहले शतक से दक्षिण अफ्रीका की बड़ी जीत



**एजेंसी । अबु धाबी**

ट्रिस्टन स्टब्स के करियर के पहले शतक और गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 174 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। छठा वनडे मैच खेल रहे स्टब्स ने 81 गेंद में आठ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 112 रन बनाए। उनकी इस पारी से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 343 रन का बड़ा स्कोर बनाया। वान डेर डुसेन ने 35, रेयान रिकेल्टन ने 40, काइल वेरिन ने 67 और वियान मुल्डर ने 43 रन का योगदान दिया। जवाब में आयरलैंड की टीम 30.3 ओवर में 169 रन पर सिमट गई। उसकी ओर से 11वें नंबर के बल्लेबाज क्रेग यंग ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए लिजाद विलियम्स ने तीन विकेट चटकाए।

### कोटियान ने मैच के अंतिम दिन खेली नाबाद शतकीय पारी, मैच ड्रॉ

# मुंबई का 27 साल बाद ईरानी कप पर कब्जा

**एजेंसी । लखनऊ**



तनुष कोटियान के करियर के दूसरे प्रथम श्रेणी शतक से मुंबई ने शनिवार को 27 साल बाद ईरानी कप पर कब्जा किया। शेष भारत के खिलाफ ड्रॉ छूटे मैच में 42 बार के रणजी चैंपियन मुंबई ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर 15वीं बार यह ट्रॉफी जीती। मुंबई ने अपना पिछला ईरानी कप 1997-98 में जीता था।

### कोटियान का दूसरा शतक

मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की। इस तरह मुंबई की कुल बढ़त 450 रन की हो गई। पहली पारी में 64 रन बनाने वाले कोटियान ने 20 रन से आगे खेलना शुरू किया और 150 गेंद में दस चौकों और एक छक्के से 114 रन की नाबाद पारी खेली।



# शनाया कपूर बनीं विक्रांत मैसी की जोड़ीदार

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने भले ही अभी बॉलीवुड में एंट्री नहीं की, लेकिन वह अपनी खूबसूरती और स्टाइल को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं, वहीं हीरोइन बनने से पहले ही उनकी अच्छी-खसी फैन फॉलोइंग है। बहरहाल, उनसे जुड़ी अब जो खबर सामने आ रही है, उससे शनाया के प्रशंसकों का दिल बेशक खुश हो जाएगा। दरअसल, शनाया फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं।

### फिल्म में थिएटर एक्ट्रेस की भूमिका में होंगी शनाया

रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया का बॉलीवुड में काम करने का सपना पूरा होने जा रहा है। वह हिंदी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर रही हैं। 24 साल की शनाया फिल्म में एक थिएटर एक्ट्रेस का किरदार निभाने वाली हैं, वहीं विक्रांत इसमें एक नेत्रहीन संगीतकार की भूमिका में होंगे। इस फिल्म की कहानी भारत के लोकप्रिय लेखक रस्किन बॉन्ड की मशहूर लघु कहानी, द आइज हैव इट पर आधारित है।

### फिल्म के लिए इन हीरोइनों से किया गया था संपर्क

'ब्रोकन बट ब्युटीफुल' और 'अपहरण' जैसी वेब सीरीज बना चुके संतोष सिंह ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। विक्रांत की 'फोरेंसिक' बना चुकी मिनी फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बन रही है। निर्माताओं ने फिल्म की लीड हीरोइन के लिए तारा सुतारिया, अलाया एफ और प्रतिभा रांटा से भी बातचीत की थी, लेकिन आखिरकार उन्होंने उन्हें शनाया को फिल्म के लिए चुना, जो पिछले 3 साल से अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म की राह देख रही हैं।



## पहले भाग से ज्यादा रोमांचक होगा 'देवरा पार्ट 2'

साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की पैन इंडिया फिल्म 'देवरा पार्ट वन' 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जिसे फैंस ने खूब पसंद भी किया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर गुजरते दिनों के साथ लगातार फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, अब जूनियर एनटीआर ने फिल्म के अगले भाग यानी 'देवरा पार्ट टू' के बारे में दिलचस्प जानकारी साझा की है।

हाल ही में एक साक्षात्कार में अभिनेता जूनियर एनटीआर ने बहुप्रतीक्षित 'देवरा' सीक्वल पर अपडेट देते हुए बताया कि 'देवरा पार्ट 2' के कुछ दृश्यों की शूटिंग पहले हो चुकी हैं। 'देवरा' टीम की ओर से साझा किए गए वीडियो में जूनियर एनटीआर कहते हुए नजर आ रहे हैं कि हालांकि, कुछ दृश्यों की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, लेकिन टीम यह सुनिश्चित करने के लिए अधिक सुविचारित दृष्टिकोण अपना रही है कि दूसरा भाग अपेक्षाओं से बेहतर हो।

# हिंदी डेब्यू के लिए तैयार सूर्या



तमिल स्टार सूर्या और प्रशंसित फिल्म निर्माता राकेश ओमप्रकाश मेहरा की मूवी 'कर्ण' निस्संदेह सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर समय-समय पर रिपोर्ट सामने आती रहती हैं, लेकिन फिल्म का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इससे फिल्म के बंद होने की अफवाहें और भी तेज हो गई हैं। हालांकि, निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने हाल ही में इसे लेकर बड़ी जानकारी दी है, जिससे प्रशंसक गदगद हो उठे हैं।

निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने हाल ही में पुष्टि की कि फिल्म पर 100 प्रतिशत काम चल रहा है। हाल ही में एक मीडिया बातचीत के दौरान, निर्देशक से पूछा गया कि क्या सूर्या के साथ फिल्म बन रही है या इसे बंद कर दिया गया है। इस पर, निर्देशक ने कहा 'योजनाएं 100 प्रतिशत चल रही हैं।' 'कर्ण' सूर्या की हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 'कर्ण' के लिए सूर्या और जान्हवी कपूर को मुख्य भूमिकाओं में लिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में सूर्या महाकाव्य महाभारत के बहादुर योद्धा राजकुमार और पांडवों के बड़े सौतेले भाई 'कर्ण' की भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि, जान्हवी कपूर की भूमिका के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अनुमान है कि वह कर्ण की पत्नी वृषाली का किरदार निभा सकती हैं।

# नागार्जुन के खिलाफ शिकायत दर्ज

साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन अक्किनेनी इन दिनों चर्चा में हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने तेलंगाना सरकार में पर्यावरण मंत्री का पद संभाल रही कोंडा सुरेखा के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वजह ये कि कोंडा ने नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य और उनकी पूर्व पत्नी सामंथा रुथ प्रभु के तलाक को लेकर विवादित बयानबाजी की थी। बहरहाल, अब नागार्जुन फिर चर्चा में हैं। खबर है कि उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है।




**कारण**

### किसने और क्यों दर्ज कराई शिकायत?

नागार्जुन के खिलाफ हैदराबाद के माधापुर पुलिस स्टेशन में अवैध भूमि अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत NGO जनम कोसम मनसाक्षी फाउंडेशन के अध्यक्ष कासिरेड्डी भास्कर रेड्डी ने दर्ज कराई थी। रेड्डी के मुताबिक, नागार्जुन ने अवैध रूप से एन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया, जिसे अगस्त में ध्वस्त कर दिया गया। उसकी कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये है। विवादित भूमि थम्मिडीकुंटा झील के फुल टैंक लेवल (FTL) और बफर जोन के भीतर आती है।

# रणवीर सिंह अभिनेत्री सारा अर्जुन से करेंगे रोमांस





रणवीर सिंह आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। आदित्य धर की अगली फिल्म में भी वह मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं और उनकी इस फिल्म की राह दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। बीते दिन खबर आई कि फिल्म से अभिनेत्री सारा अर्जुन जुड़ गई हैं। वह फिल्म में रणवीर के साथ इश्क फरमाती नजर आएंगी। यह खबर आते ही लोगों ने निर्माताओं के साथ-साथ रणवीर को भी ट्रोल कर रहे हैं।

### सारा के नाम पर लग चुकी है मोहर

रिपोर्ट के मुताबिक, आदित्य की फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए सारा अर्जुन का नाम फाइनल कर दिया गया है। 19 साल की सारा इससे पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ-साथ कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' में नंदिनी के बचपन का किरदार भी निभाया था। यह पहली दफा होगा, जब वह किसी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, उनकी कास्टिंग लोगों को रास नहीं आ रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आज चेन्नई के मरीना बीच पर होगा भव्य एयर शो

**चेन्नई।** 92वां वायुसेना दिवस समारोह इस बार चेन्नई के मरीना बीच पर मनाया जा रहा है। 21 सालों में पहली बार, चेन्नई वायुसेना दिवस समारोह की मेजबानी करेगा। 06 अक्तूबर को होने वाला इस बार यह समारोह पहले से कहीं ज्यादा भव्य होगा। इस मौके पर मरीना बीच पर एक शानदार एयर शो के साथ भारतीय वायुसेना लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की भी कोशिश करेगी।

### उडुपी में 500 लोग ओवरहेड टैंक का पानी पीने से बीमार

**उडुपी।** कर्नाटक के उडुपी जिले में ओवरहेड टैंक का पानी पीने के बाद 500 लोग बीमार हो गए। घटना जिले के उप्पुंडा की है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आईपी गदाद ने बताया कि 500 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी को उल्टी-दस्त, पेट दर्द की समस्या है। हालांकि, किसी भी हालत गंभीर नहीं है। पानी में साल्मोनेला बैसिलरी स्ट्रेन पाया गया है।

### कोर्ट ने खारिज कीं चुनावी बांड योजना के फैसले पर पुनर्विचार याचिकाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 15 फरवरी के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज किया है। इस फैसने में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की चुनावी बांड योजना को रद्द किया गया था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर.गवई, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में कोई स्पष्ट त्रुटि नहीं है। शीर्ष कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई के आग्रह को भी खारिज किया।

# बस मार्शलों की बहाली पर AAP का सियासी ड्रामा

## मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के पैर पकड़े; सीएम उनकी कार में बैठीं, कहा- एलजी आवास चलिए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

शनिवार को दिल्ली में कुछ ऐसा देखने को मिला जो पहले कभी नहीं दिखा। बस मार्शलों की नौकरी बहाली के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा नेता एक साथ थे। इतने में दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बस मार्शलों की बहाली के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेता विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ लिए। पैर पकड़ते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वो उनके साथ एलजी वीके सक्सेना के पास चलें और बस मार्शलों की नौकरी बहाली के लिए मांग करें। सौरभ भारद्वाज की बीजेपी नेता के कदमों पड़े होने की फोटो आने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का रिएक्शन भी सामने आया है।



### मुझे गर्व है : केजरीवाल

सीएम आतिशी विजेंद्र गुप्ता की कार में बैठ गईं और सौरभ भारद्वाज उनके कदमों में गिर पड़े। इसको लेकर केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'मुझे गर्व है अपने मंत्रियों पर जो लोगों के काम करवाने के लिए किसी के पैरों में भी लेट जाते हैं। मेरी एलजी साहब और बीजेपी वालों से विनती है कि इस मुद्दे पर और राजनीति ना करें और तुरंत बस मार्शलों को नौकरी पर रखा जाए।'

### क्या है मामला?


बता दें कि दिल्ली की बसों में 10 हजार मार्शलों की नौकरी को दोबारा बहाल करने कि लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेता एलजी के पास जा रहे थे। इस दौरान सौरभ भारद्वाज और कई 'आप' नेताओं ने उनसे विनती की कि वो सीएम आतिशी के साथ अपनी गाड़ी में बैठकर चले जाएं। लेकिन विजेंद्र गुप्ता ने सम्मानपूर्वक गाड़ी का दरवाजा बंद किया, जिसमें सीएम आतिशी पहले से बैठीं थीं। दरवाजा बंद करने के बाद विजेंद्र गुप्ता गाड़ी से आगे बढ़ने लगे। इस दौरान 'आप' नेताओं समेत दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज उनके पैरों पर गिर पड़े और एलजी कार्यालय साथ चलने को लेकर विनती करने लगे। सौरभ भारद्वाज को अपने पैरों में देखकर भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता मुस्कराने लगे और फोन रिसीव कर बात करने लगे।

# 5 राज्यों के 22 जगहों पर NIA की ताबड़तोड़ छापेमारी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों से जुड़े मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, यूपी, असम और दिल्ली में छापेमारी कर रही है। ये छापेमारी कुल 22 स्थानों पर चल रही है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र के मालेगांव शहर में भी एनआईए छापेमारी कर रही है। शहर के मशरिकी इकबाल रोड पर अब्दुल्लाह नगर में एक डॉक्टर के होम्योपैथी क्लिनिक पर देर रात से छापेमारी चल रही है।

### इन जगहों पर एनआईए की छापेमारी




अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन के खिलाफ अपनी जांच के तहत कई राज्यों में 22 स्थानों पर तलाशी ली। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में तलाशी चल रही है।

## पूंछ में सैनिक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**एजेंसी | पूंछ**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार को सेना के जवान ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मृतक का नाम मनीष बिष्ट है, वो उत्तराखंड का रहने वाला है। अधिकारियों के मुताबिक, मनीष की ड्यूटी बालाकोट सेक्टर के बेहरोटे में चौकी पर थी। इसी दौरान उसने अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# केरल बीजेपी अध्यक्ष सुरेंद्रन को बड़ी राहत

## चुनावी रिश्वत मामले में अदालत ने किया बरी

**एजेंसी | कासरगोड**

केरल की एक अदालत ने शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन और पांच अन्य को मंजेश्वरम चुनाव रिश्वत मामले से बरी कर दिया। कासरगोड सत्र न्यायाधीश सानू एस. पणिक्कर ने सुरेंद्रन और अन्य को बरी किया।



### क्या बोले सुरेंद्रन के वकील?

सुरेंद्रन के वकील ने बताया कि बचाव पक्ष यह साबित करने में सक्षम रहा कि मामला मनगढ़ंत था और इसके पीछे राजनीतिक साजिश थी। विस्तृत आदेश उपलब्ध नहीं हुआ है।

### सत्य की जीत होगी : सुरेंद्रन

फैसले के बाद सुरेंद्रन ने कहा कि वह शुरू से ही कह रहे थे कि सत्य की जीत होगी। बता दें कि यह मामला 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान मंजेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र से एलडीएफ उम्मीदवार वीवी. रमेशन की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

### बीजेपी अध्यक्ष पर क्या हैं आरोप?

रमेशन ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं ने मंजेश्वरम से नामांकन वापस लेने के लिए बसपा उम्मीदवार के. सुंदरा को कथित तौर पर पैसे दिए। बाद में सुंदरा ने आरोप लगाया कि उन्हें सुरेंद्रन के पक्ष में अपना नामांकन वापस लेने के लिए पैसे और मोबाइल दिए गए थे। सुंदरा ने 2021 में अपना नामांकन दाखिल किया था, लेकिन वापस ले लिया था। हालांकि, सुरेंद्रन मंजेश्वरम सीट से चुनाव हार गए।

# सैन्य खुफिया के गुमनाम नायकों की गाथा सुनाएगा 'सतर्क पार्क'

**एजेंसी | पुणे**

भारतीय सेना ने पुणे में सैन्य खुफिया (एमआई) कर्मियों को समर्पित पहले स्मारक 'सतर्क पार्क का उद्घाटन किया। यह एमआई के आदर्श वाक्य 'सदा सतर्क' (हमेशा सतर्क) से प्रेरित है। सैन्य सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले गुमनाम नायकों को समर्पित यह पार्क पुणे छावनी क्षेत्र के वानोवरी में स्थित है। सतर्क पार्क में कीर्ति चक्र पुरस्कार विजेता नायक प्रताप सिंह और ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता, शौर्य चक्र पुरस्कार विजेता सिपाही ओम शिव शर्मा, नायक जंगबीर सिंह और हवलदार एस सामी कन्नन सहित एमआई कर्मियों की प्रतिमाएं लगाई गई हैं। साथ ही उनका संक्षिप्त विवरण भी दिया गया है।



### 40 एमआई कर्मियों को श्रद्धांजलि

इस पार्क में उन 40 एमआई कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई है जिन्होंने 1962 के बाद से खासकर जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्वी सीमा पर विभिन्न अभियानों के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है। मिलिट्री इंटेलिजेंस ट्रेनिंग स्कूल के लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप कुमार चहल ने बताया कि हमारा मकसद स्मारक या प्रतिमा लगाने से इतर कुछ अलग करने का था। यही कारण था कि हमने इस तरह के पार्क के निर्माण के बारे में सोचा ताकि बच्चे अपने माता-पिता के साथ यहां आएं और इन गुमनाम नायकों की गाथा से प्रभावित और प्रेरित हो सकें।

